जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर मंगलवार, 19 अगस्त , 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 315

www.hukmnamasamachar.com

### शहरी क्षेत्र में पर्याप्त नागरिक सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

- नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य पर हो फोकस
- सुनियोजित शहरी विकास को मिल रही गति

## नगरीय विकास के प्रोजेक्ट्स को समय पर करें पूरा-मुख्यमंत्री





**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सुनियोजित विकास को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे को गति मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय विकास से संबंधित प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा करें। साथ ही, अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य पर फोकस करें जिससे जनता को समय से इनका लाभ मिले। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि शहरों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाए। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं आवास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**हाउसिंग बोर्ड अपनी योजनाओं का करें व्यापक प्रचार-प्रसार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड अपनी संपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं की जरूरत एवं वर्तमान प्रचलन को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि बोर्ड की राजस्व में वृद्धि हो सके। साथ ही, हाउसिंग बोर्ड निजी विकासकर्ता से प्रतिस्पर्धा करते हुए आमजन को गुणवत्तायुक्त आवास उचित मूल्य में उपलब्ध करवाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाउसिंग बोर्ड अपनी संपत्तियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करे, परियोजनाओं में नवाचार लाए और इनके विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी शामिल करे, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा इनका लाभ मिल सके।

**शहरी विकास से जुड़े प्रोजेक्टस को चरणबद्ध करें पूरा** मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं जैसे सीवरेज, ड्रेनेज, पार्क, लोक परिवहन हेतु कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना शुरु की जाएगी जिससे प्रदेष के सभी नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या के बढ़ते दबाव का प्रबंधन हो सके। उन्होंने अधिकारियों को इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में नियमित बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न लंबित बजटीय घोषणाओं के एनआईटी, टेण्डर, वर्कऑर्डर तथा डीपीआर बनाने सहित विभिन्न कार्यों को तय समय में पूरा करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

#### द्रव्यवती नदी का करें सौंदर्यीकरण

**शर्मा ने कहा कि जयपुर में द्रव्यवती नदी के दोनों ओर से अतिक्रमण को प्राथमिकता के साथ हटाया जाए, इस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से उन्नयन किया जाए, ताकि आमजन के साथ ही पर्यटक भी इसका लाभ उठा सकें। उन्हांने कहा कि द्रव्यवती नदी पर पौधारोपण के कार्य में भी गति लाई जाए। बैठक में बताया गया कि जयपुर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए आमजन की सुगम आवाजाही के लिए रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है। साथ ही, अपेक्स सर्किल पर एलिवेटेड रोड़ के निर्माण की डीपीआर के लिए भी कार्यादेश जारी किया जा चुका है।**

#### बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन में लाएं तेजी

शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से अम्बाबाडी एवं विद्याधर नगर (टोडी मोड़ तक) मेट्रो संचालित की जाएगी। अधिकारी इसके काम में गति लाएं, ताकि निर्धारित समय में कार्य पूरा हो। उन्होंने जोधपुर के बड़ली में आवासीय योजना लाने तथा भिवाड़ी विकास प्राधिकरण के गठन के संबंध में तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 की सभी बजट घोषणाओं में जल्द से जल्द भूमि आवंटित कर कार्य शुरू किया जाए। साथ ही, अधिकारी योजनाओं की अनुमानित लागत के आधार पर योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का सफल आयोजन करें सुनिश्चित

## खेलों के विकास के लिए बजटीय घोषणाओं की समयबद्ध हो क्रियान्विति-मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए गांवों से लेकर कस्बों तक श्रेष्ठ खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने युवा मामले एवं खेल विभाग के अधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट वातावरण तैयार करने के क्रम में बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के सफल आयोजन के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा मामले एवं खेल विभाग की बजट घोषणाओं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में प्रस्तावित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के आयोजन से प्रदेश में खेलों का वातावरण तैयार होगा। उन्होंने खेल विभाग को प्रदेशभर में खेल सुविधाओं के निरंतर विस्तार और आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

**सर्वोत्तम व्यवस्थाएं हो सुनिश्चित, विभाग परस्पर समन्वय के साथ करें कार्य** उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश-प्रदेश से हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी शिरकत करेंगे। उनके आवास, आवागमन, भोजन सहित आवश्यक सुविधाओं की सर्वोत्तम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए खेलों का सफल आयोजन किया जाए।

**युवाओं की खेलों में अधिक से अधिक हो सहभागिता** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन की तैयारियों में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाए और श्रेष्ठ सुझावों को समाहित करते हुए आयोजन की रूपरेखा बनाई जाए। इस संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पूर्व आयोजकों से भी संवाद करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने खेलों के आयोजन स्थलों के लिए ऐसे खेल मैदानों का चयन करने के लिए निर्देशित किया जहां खिलाड़ियों को श्रेष्ठ सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित गेम्स के सफल संचालन के लिए मोबाईल ऐप डिजाइन करने के लिए भी निर्देशित किया।

### गुजरात के नवसारी में 50 फीट ऊंचा झूला टूटकर गिरा

**नवसारी।** गुजरात के नवसारी में लगे मेले में रविवार रात एक झूला टूटकर गिर गया। इस हादसे में 2 बच्चों समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, राइड संचालक की हालत गंभीर होने के चलते उसे सूरत के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया है।मेला बिलिमोरा के सोमनाथ मंदिर में लगा हुआ है। मेले की अनुमति शिवम एजेंसी ने ली थी।

#### पेनल्टी कॉर्नर




#### पटेला री पोल

**तीन साल लड़कर, रूस और यूक्रेन दोनों ही थके**
**तोते लड़ाने वालों की सुन सुन, दोनों के कान पके**
**दोनों पछता रहे अब, क्यों छोटी सी बात पर वे लड़े**
**इज्जत से युद्ध रुक जाए, अब दोनों इसी बात पर अड़े**

**..मुखिया जी**

### बिहार में वोटर अधिकार यात्रा

## महाराष्ट्र-हरियाणा में बीजेपी ने वोट चोरी की-राहुल गांधी



**औरंगाबाद, गया।** एसआईआर सरल शब्दों में वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ वोटर अधिकार यात्रा के दूसरे दिन राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद से गयाजी पहुंचा । खालिस पार्क चौक पर जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके 4 महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग ने जादुई तरीके से 1 करोड़ नए मतदाता जोड़ दिए।

इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ, वोट उतने ही रहे। लेकिन जहां नए मतदाता जुड़े, वहां भाजपा को जीत मिली। इसका मतलब है कि महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों जगह चुनाव में वोट चुराए गए। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो चुनाव आयोग पर सख्त कार्रवाई करेंगे। वहीं तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी को गया में 20 के कार्यों का हिसाब देना होगा। इससे पहले गयाजी के डबूर में काफिला लंच के लिए रुका था। खाने की थाली में रोटी, चावल, दाल, मिक्स वेज और पनीर की सब्जी जैसे कई व्यंजन थे, लेकिन राहुल गांधी ने बैंगन की भुजिया और लिट्टी खाई।

मिनरल वाटर की जगह घड़े का पानी पिया। गयाजी से मंगवाई गई स्पेशल आइसक्रीम भी उनके लंच का हिस्सा रही। खाने के बाद करीब एक घंटे तक उन्होंने कैंप में आराम किया। गयाजी में राहुल की यात्रा को लेकर युवाओं में क्रेज दिखा। लोग राहुल-तेजस्वी को देखने के लिए बसों की छत और पेड़ पर चढ़ गए।

### सुरेंद्रनगर हाईवे पर हुआ हादसा

## गुजरात में दो कारें टकराने से 8 लोग जिंदा जले

**सुरेंद्रनगर।** सुरेंद्रनगर जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार की शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा गिरी वढवाण पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ। हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने से टक्कर हुई। टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार से एक व्यक्ति ही गंभीर हालत में बाहर निकल सका, लेकिन अस्पताल जाते समय उसकी भी मौत हो गई। सभी मृतक रिश्तेदार थे और कडू से सुरेंद्रनगर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।



**मृतकों के नाम...** मीनाबा वीरेंद्रसिंह राणा (49) राजेश्वरीबा नरेंद्रसिंह राणा (52) प्रतिपालसिंह चुडासमा (35) रिद्धि प्रतिपालसिंह चुडासमा (32) कैलाश जगदीशसिंह चुडासमा (60) निताबा भागीरथसिंह जाडेजा (58) दिव्याबा हरदेवसिंह जाडेजा (35) दिव्यश्री चुडासमा (10 महीने)।



## मुंबई में भारी बारिश, स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

### इंदौर में बारिश से दीवार गिरी, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से रुक- रुक कर तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। एमपी के इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है।

#### कुल्लू-मंडी में लैंडस्लाइड

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सतलुज नदी में उफान के कारण सुन्नी के ततापानी में सड़क टूटने से करसोग विधानसभा क्षेत्र का शिमला से संपर्क टूट गया है। नाचन और सराज क्षेत्र भी प्रभावित हैं।

### कोच्चि में टेकऑफ से पहले एअर इंडिया प्लेन में खराबी, दिल्ली जाने वाली फ्लाइट रद्द

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार रात एअर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई 504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार 24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्लाइट संख्या एआई 504 को एयरबस ए321 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट किया जाना था। सीआईएएल ने बताया कि अब एअर इंडिया दूसरे एयरक्राफ्ट से यात्रियों को दिल्ली भेजने की तैयारी कर रही है।

### पीएम ने पूछा- अंतरिक्ष में रहना कितना मुश्किल | एस्ट्रोनॉट ने सफर की पिक्चर दिखाई

## पीएम मोदी ने शुभांशु को गले लगाया, पीठ थपथपाई



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से सोमवार शाम दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी ने शुभांशु से हाथ मिलाया और गले लगा लिया। पीठ थपथपाते हुए शाबाशी भी दी। शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखाईं। मोदी के साथ शुभांशु की ये मुलाकात करीब 20 मिनट चली। एस्ट्रोनॉट शुभांशु अमेरिका से शनिवार देर रात भारत लौटे। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शुभांशु का स्वागत किया। लखनऊ से शुभांशु से मिलने पिता शंभु दयाल शुक्ला और बहन शुचि मिश्रा भी पहुंची थीं। शुचि मिश्रा से फोन से बात की। उन्होंने बताया, पीएम मोदी से मिलने शुभांशु अकेले गए थे। प्रधानमंत्री ने शुभांशु से अंतरिक्ष में बताए 18 दिन के सभी एक्सपीरियंस के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष में किए गए प्रयोगों के बारे में जाना। पूछा, एक-एक प्रयोग में कितना समय लगा? किस तरह के प्रयोग किए? शुभांशु से यह भी पूछा कि जीरो ग्रेविटी में सर्वाइव करना कितना मुश्किल था? उनके लिए कौन-कौन से चैलेंज सामने आ रहे थे? गगनयान मिशन को लेकर भी शुभांशु से बातचीत की।

### लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

**नई दिल्ली।** वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में सोमवार दोपहर 2 बजे भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज देश शुभांशु के लौटने पर सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है, लेकिन विपक्ष अभी भी हंगामा कर रहा है और चर्चा को तैयार नहीं है। विपक्ष एस्ट्रोनॉट से नाराज कैसे हो सकता है। वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

### चुनाव आयोग वोट चोरी पर सवालों का जवाब दे

## एसआईआर हड़बड़ी में क्यों हो रहा-विपक्ष

**नई दिल्ली।** वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी को लेकर विपक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में चर्चा हुई। चुनाव आयोग के सभी तर्कों को कोर्ट ने नकारा है। कल इसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की लेकिन ये नहीं बताया कि एसआईआर इतनी हड़बड़ी में क्यों हो रहा है। इसको लेकर वो मौन थे। गोगोई ने कहा कि ईसी ने कल राजनीतिक दलों पर सवाल उठाए। लेकिन जब विपक्षी दल सवाल पूछ रहे हैं तो वे आरोपों का जवाब नहीं दे रहे और अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि ईसी ने ये नहीं बताया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख वोटर्स, लिस्ट में कहां से आए। वोटिंग की सीसीटीवी को लेकर सवाल और महादेवपुर विधानसभा में 1 लाख फर्जी वोट को लेकर भी चुनाव आयोग ने जवाब नहीं दिया। दरअसल, चुनाव आयोग ने रविवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। राहुल गांधी का नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा था, पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा- कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त का कठपुतली की तरह प्रदर्शन बेहद शर्मनाक था।

CMYK

## खैरथल में बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद

# जिले का नाम भूर्तहरिनगर करने का विरोध तेज हुआ, व्यापार संगठन कर रहे अगुवाई



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** खैरथल-तिजारा जिले के नाम और मुख्यालय को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के बयान के बाद खैरयल में आक्रोश तेजी से पनप रहा है। बयान के विरोध में रविवार को शहर बाजार बंद रहे। दरअसल, भाजपा नेताओं के विरोधाभासी बयानों से आमजन, व्यापारी वर्ग और युवाओं जबरदस्त आक्रोश है। कुछ दिन पूर्व भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी और जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने जिला मुख्यालय को खैरथल में ही रखने की बात कही थी। इसके बाद शनिवार को केंद्रीय मंत्री के दिल्ली में दिए गए बयान से लोगों में भ्रम और नाराजगी है।

लोगों कहना है कि भाजपा नेताओं के बयानों से आमजन असमंजस में है। रविवार को संयुक्त व्यापार महासंघ के आह्वान पर खैरथल में अनिश्चितकालीन बाजार बंद की शुरुआत हुई। व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोषा और कृषि उपज मंडी व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में सभी व्यापारियों दुकानें बंद रखी। गुप्ता ने कहा व्यापारी पूरी तरह से आंदोलन का समर्थन में हैं।

**कृषि, फल-सब्जी मंडी भी बंद रही, ठेली-रेहड़ी वालों ने भी दिया समर्थन**-फल एवं सब्जी मंडी यूनियन ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए सोमवार से मंडी बंद रखने का ऐलान किया है। इसके तहत सब्जी व फलों ठेलियां भी नहीं लगेंगी। इसके अलावा नाश्ते व मिठाई की दुकान भी बंद रहेंगी। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोबा ने कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती। हमारा उद्देश्य खैरथल के विकास और जनता की भावनाओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान गुमराह करने वाले हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। जब तक जिला मुख्यालय नहीं बनाएं तब तक विरोध करेंगे- स्थानीय लोग और व्यापारियों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों ने आमजन की भावनाओं की अनदेखी की है और प्रशासन भी इस मुद्दे पर मूकदर्शक बना हुआ है। आंदोलनकारी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जब तक खैरथल को जिले का मुख्यालय नहीं बनाया जाता, वे सड़कों पर विरोध करते रहेंगे। आने वाले दिनों में आंदोलन का दायरा और भी बढ़ सकता है व आंदोलन तेज हो सकता है। जनसमर्थन के बाद यह आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है, इससे प्रशासन और राजनीतिक प्रतिनिधियों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता होगी। वहीं शाम को व्यापारी रेलवे फाटक के पास धरने पर बैठ गए। धरना देर रात तक चला, जिसमें व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया।

धरने पर संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओम प्रकाश रोषा, व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, किसान नेता चंद्रभान गुर्जर, दीपक चौधरी समेत अनेक व्यापारी बैठे। वक्ताओं ने कहा कि जिले का नाम बदलना और मुख्यालय को हटाना जनभावनाओं के खिलाफ है। जिले का नाम बदलने का फैसला किसी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे।

## सड़क सुरक्षा से देशभक्ति विषय पर प्रतियोगिता आयोजित



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पीआईक्यू कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा से देशभक्ति विषय पर काव्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

आयोजन का उद्देश्य आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हुए सुरक्षित ड्राईविंग के महत्व को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत करना था। एनएचएआई के पीडी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने जैसी उपयोगी संदेश दिये। सुभाष कुमार नैण प्रथम, महावीर वर्मा द्वितीय और सुनील कुमार तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जयपुर ग्रामीण की सेक्टर मुख्यालय पुलिस टीम को मिली बडी सफलता

# जानलेवा हमले के मामले में 3 साल से फरार इनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला जयपुर ग्रामीण की सेक्टर मुख्यालय पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने जानलेवा हमले के मामले में 3 साल से फरार एक इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने जानकारी देते हुए बताया की विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वांछित आरोपियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनिया के निर्देशन में स्थाई वारंटी, इनामी अपराधी एवं टाप-10 अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु सेक्टर मुख्यालय स्तर पर स्पेशल टीम का गठन किया गया। गठित टीम के हैड कांस्टेबल सुभाष, कांस्टेबल रोहिताश्व, राजेंद्र, अजय एवं कांस्टेबल राकेश कुमार द्वारा तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन किये जाने पर सी ओ वृत्त जमवारामगढ़ प्रदीप यादव के निकट सुपरविजन में तथा हीरालाल सैनी पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना चंदवाजी के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 361/2022 जानलेवा हमले के मामले में 3 साल से फरार चल रहे सुनिल कुमार शेरावत पुत्र



गोगराज जाट उम्र 25 साल निवासी नांगल भरडा थाना सामोद जिला जयपुर ग्रामीण तथा स्थाई वारंटी रामजीलाल पुत्र मुरलीधर गुर्जर निवासी पूठ का बास थाना चंदवाजी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सेक्टर मुख्यालय की पुलिस टीम ? द्वारा कार्रवाई करते हुए इसी प्रकरण में पूर्व में भी 10 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त महेश पलसानियां को गिरफ्तार किया गया था जो एनडीपीएस एक्ट व जानलेवा हमले के मामले में वांछित था।

## धिरौली गांव की चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के धिरौली गांव में राजस्व चारगह भूमि पर से दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर गांव के ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दबंगों ने चरागाह भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे आसपास के गांव के रास्ते में बहुत कठिनाई हो रही है । वही गांव के पशुओं को चराने में भी ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव के किसानों को अपनी जमीन पर जाने में समस्या आ रही है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया रकबा 45.64 हेक्टेयर हे। जिसमें



सभी खसरा नंबरों पर बाहुबलियों ने अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमणीयो से रास्ता मांगने पर गाली गलौज और मारने पर उतारू हो जाते हैं।जिसको लेकर आज समस्त ग्राम वासियों व पंचायत की तरफ से आज जिला कलेक्टर को लेटर पैड पर ज्ञापन सौंपा ओर अतिक्रमण हटाने की मांग करी।ज्ञापन में ग्रामवासी जगदीश गुर्जर, बद्री केवट, टिंकू मीणा, रामनिवास बेरवा, रघुराज सिंह, रामविलास केवट, राम प्रसाद मीणा, लाल सिंह, छोगा केवट,महावीर सेन अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का गत दिवस समापन हुआ। जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला और सचिव मंजू वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल और उद्यान विभाग की उपनिदेशक प्रीति गर्ग द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का परिचय लिया गया। इसके पश्चात जिला कलक्टर डॉ. मंजू, एसपी डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत विक्रम ज्याणी द्वारा उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। खिलाड़ियों में नशा मुक्ति अभियान के तहत सुरक्षा कवच भी वितरित किये गये। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेलों में सक्रियता से भाग लेने और नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित किया। जिला तीरदांजी संघ की सचिव वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर बेअंत सिंह, डॉ. राजकमल, गुरचरण सिंह, शिवकरण सिंह, कुलदीप सिंह, श्री प्रदीप, पवन सहित अन्य मौजूद रहे।




## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन,उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# डूंगरी बांध को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सैकड़ों की तादात में कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में प्रस्तावित राम जल सेतू लिंक परियोजना ( ईआरसीपी योजना) के तहत बनाए जाने वाले डूंगरी बांध के विरोध में अब ग्रामीणों का आंदोलन और अधिक ना सिर्फ जोर पकड़ने लगा है। आंदोलन के साथ ही राजनेताओं पर भी ग्रामीणों का गुस्सा फूट रहा है।

जहां सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट पर डूंगरी बांध के विरोध में सैकड़ो की तादाद में ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। डूंगरी बांध के विरोध को लेकर लगातार ग्रामीणों द्वारा जगह जगह गांवों में महापंचायत की जा रही है।जिसको लेकर कल बाडोलास गांव में हुई ग्रामीणों की बैठक में आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया था।

जिसके चलते सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण जिला मुख्यालय के महावीर पार्क में एकत्रित हुए। जहां वक्ताओं ने प्रस्तावित डूंगरी बांध से होने वाले नुकसान को लेकर ग्रामीणों को संबोधित किया। ग्रामीणों का कहना था कि 76 गांव के लोग डूंगरी बांध बनने से प्रभावित होने वाले हैं । साथ ही हजारों की तादाद में ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ेगा। हजारों की तादाद में ग्रामीण बेघर होंगे। ऐसे में ग्रामीणों ने सरकार पर आरोप लगाया ।

ग्रामीण महावीर पार्क में आयोजित सभा के बाद रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने यहां तक चेतावनी दे डाली कि डूंगरी




बांध नहीं बनाए जाने को लेकर ग्रामीण आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो मजबूरन उग्र आंदोलन होगा।

## एक नजर

### योग, आयुर्वेद और अध्यात्म विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजन




**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमवारामगढ़ में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के द्वारा योग आयुर्वेद और अध्यात्म नशा मुक्ति का भारतीय समाधान विषय पर सोमवार दिनांक 18 अगस्त को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य दिनेश चंद्र मीणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिणामों की घोषणा की जिसमें प्रथम स्थान पर प्रद्युमन सिंह, द्वितीय स्थान पर शुभम सेन व तृतीय स्थान पर राहुल मीणा रहे। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी डॉ रविंद्र चौधरी ने नशे के शारीरिक मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया व छात्र-छात्राओं को जागरूकता की भूमिका में आगे आने के लिए प्रेरित किया7 कार्यक्रम की इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्ति रैली का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉक्टर मनोज गौतम, डॉ साइमा खान, राजेश आर्य, डॉक्टर शिव कुमार मीणा, डॉक्टर सुशीला मीणा, डॉक्टर रामेश्वरी मीणा एनएसएस प्रभारी डॉक्टर मांगीलाल मीणा एवं राजेंद्र प्रसाद मीणा उपस्थित रहे।

#### जयपुर ग्रामीण की सेक्टर मुख्यालय पुलिस टीम को मिली बडी सफलता,

### 138 एनआई एक्ट के मामले में 9 साल से फरार 2 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला जयपुर ग्रामीण की सेक्टर मुख्यालय पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 138 एन आई एक्ट के मामले में 9 साल से फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी ने जानकारी देते हुए बताया की विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वांछित आरोपियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनिया के निर्देशन में स्थाई वारंटी, इनामी अपराधी एवं टाप-10 अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु सेक्टर मुख्यालय स्तर पर स्पेशल टीम का गठन किया गया। गठित टीम के कांस्टेबल राकेश द्वारा तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन किये जाने पर सी ओ वृत्त जमवारामगढ़ प्रदीप यादव के निकट सुपरविजन में तथा रामपाल शर्मा उप निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना जमवारामगढ़ के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 260/16 में विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एन आई एक्ट जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा जारी स्थाई वारंटी 138 एन आई एक्ट के मामले में 9 साल से फरार स्थाई वारंटी दंपति सीताराम पुत्र कल्याण सहाय सैनी उम्र 38 साल व संती उर्फ शांति देवी पत्नी सीताराम सैनी उम्र 35 साल निवासी बिरासना पुलिस थाना आंधी जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



### भारत स्काउट गाइड कैंप में गूंजा नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संकल्प



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत भारत स्काउट गाइड में वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विक्रम ज्याणी ने बताया कि नशा मुक्त युवा-सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य के लिए विद्यार्थियों में नशे के खतरों की समझ विकसित करना आवश्यक है। उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए रोल मॉडल बनाना ताकि वे समाज और अपने मित्रों को नशे से बचा सकें। भारत स्काउट गाइड की सीओ मोनिका यादव ने कहा कि अगर शरीर नशे में ही बीमार हो गया, तो सेवा और अनुशासन कैसे निभाएँगे? नशा सबसे बड़ी बाधा है। भारत स्काउट गाइड सीओ इंद्राज सुथार ने कहा कि नशे का लालच देने वाला मित्र नहीं दुश्मन है। नशे से इनकार कर सही रास्ता दिखाने वाला मित्र ही जीवन का सच्चा साथी है। सच्चा दोस्त वही जो नशे से बचाए। कार्यक्रम में सभी ने हाथ उठाकर नशा मुक्ति का सामूहिक संकल्प लिया। नशा विरोधी बैज सुरक्षा कवच यूनिफॉर्म पर लगवाए गये।

### नाबालिक बालिका को बरामद करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के बौंली थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब एक माह पूर्व अपहर्त हुई नाबालिग बालिका की बरामद की मांग को लेकर आज पीड़ित परिवार ने किसान सभा एंव राजस्थान प्रगतिशील महिला फैडरेशन के बैनर तले जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसान सभा जिलाध्यक्ष कान जी मीणा ने बताया की करीबन एक ।महीने पूर्व गांव की नाबालिग बालिका को आरोपी बहला फुसलाकर भागकर ले गया ,जिसे लेकर पीड़ित परिजनों द्वारा बौंली थाने में आरोपी के खिलाफ नाबालिग बालिका के अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया गया था ,लेकिन घटना के एक माह बाद भी पुलिस द्वारा अब तक ना तो नाबालिग बालिका को बरामद किया गया और ना ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ,जबकि पीड़ित परिवार द्वारा कई मर्तबा पुलिस एंव प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए है ,मगर अभी पुलिस द्वारा तक कोई कार्यवाही नही की गई ,पीड़ित परिजनों का कहना है कि अगर जल्द बालिका को बरामद नही किया गया तो उनके द्वारा कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।



## 'हर काम देश के नाम'

# राजस्थान राज्य की दूसरी सेना भर्ती रैली 25 अगस्त से सीकर में

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्ष 2025-26 के लिए भर्ती क्षेत्र राजस्थान की दूसरी सेना भर्ती रैली, भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), जयपुर द्वारा जिला स्टेडियम, सीकर में 25 अगस्त से 16 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जायेगी। यह रैली जयपुर, सीकर और डीडवाना-कुचामन जिलों के लिए होगी। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंस/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वी पास और 10वी पास) श्रेणियों के लिये कॉमन एंट्रेन्स एग्जाम 2025 में शामिल हुए 10,000 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को कोल अप जारी किया गया है। इसके अलावा, सिपाही फार्म, सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायता हवालदार शिक्षा (सूचना और तकनीक / साइबर, सूचनात्मक कार्यवाही और भाषाविद), हवालदार सर्वेयर स्वचलित मानचित्रकार, जूनियर कमीशन अधिकारी कैटरिंग और धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी। की क्षेत्रीय और केन्द्रीय श्रेणी की भर्ती रैली भी 25-26 अगस्त 2025 को आयोजित की जाएगी। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, राजस्थान, मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान और सीकर के नागरिक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती रैली, राजस्थान के प्रेरित युवाओं को देश की सेवा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, राजस्थान ने इस बात पर जोर दिया है कि निष्पक्ष, पारदर्शी और पूरी तरह से स्वचालित चयन प्रक्रिया बिना किसी गड़बड़ के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर चयन सुनिश्चित करती है।

तदनुसार, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी दलाल के झांसे में न आए या धोखाधड़ी या अनुचित साधनों का सहारा न लें। यह भी सलाह दी जाती है कि उम्मीदवारों को अपनी योग्यता दस्तावेज सिविल प्रशिक्षण अकादमियों या दलालों को नहीं सौंपे और केवल मांगे जाने पर ही भर्ती



कर्मचारियों को दस्तावेज सौंपने चाहिए। विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है के वे ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट देखे या भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), जयपुर से संपर्क करें।

## जोन-10 में आठ बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त, सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में ग्राम नेवटा बांध के भराव/डूब क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 में निजी खातेदारी की करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-9 में श्योपुर रोड़ पिंजरापोल गोषाला के सामने रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नेवटा, तहसील सांगानेर में नेवटा बांध के भराव/डूब क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण कर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से बनाई गई टीनषेडनुमा फैक्ट्रीयां, लोहे के ऐंगल से बने स्टेक्र्चर, कोठरियां, बाउण्ड्रीवाल, पानी का होज, सीमेन्ट की टंकी, प्लास्टिक ड्रम व अन्य सामान डालकर, मषीन इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ आज उपायुक्त जोन-11 के राजस्व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर नेवटा बांध के भराव/डूब क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। पूर्व में दिनांक 08.08.2025 व दिनांकः 14.08.2025 को भी उक्त भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई थी। जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयसिंहपुरा खोर, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गोमती विहार'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ग्राम जयसिंहपुरा खोर, जिला जयपुर के खसरा नं. 1503/2471, 1504, 1505 में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित श्योपुर रोड़ पिंजरापोल गोषाला के सामने बोटल नेक पोईन्ट के पास रोड़ सीमा पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से अत्यधिक लम्बाई में चबूतरे, सीढ़ियां बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 13, 14, 10, 09, स्थानीय पुलिस थाना सेज का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबरगार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## सक्षम जयपुर अभियान शिविरों में होगी आमजन की एनसीडी एवं टीबी की स्क्रीनिंग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोयोजना अनुसार सक्षम जयपुर अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में आने वाले लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग एवं टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी और उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोयोजना अनुसार सक्षम जयपुर अभियान के अन्तर्गत जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में आने वाले लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग एवं टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें आने वाले 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की आयुष्मान भारत आईडी बनाने के साथ ही बीपी, शुगर एवं कॉमन कैंसर की जाँच की जाएगी। बीपी एवं शुगर की जाँच में पॉज़िटिव पाये गये एवं फॉलोअप पर आने वाले मरीजों का नियमानुसार उपचार कर एनसीडी पोर्टल पर आयुष्मान भारत आईडी के माध्यम से डाटा इन्द्राज किया जाएगा।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना का कैम्प

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र आवेदकों के लिये कैम्प आयोजित किया जा रहा है। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों से संबंधित असंगठित सेवा क्षेत्र के श्रमिक जैसे- गिग वर्कर (डिलेवरी एजेन्ट, जैसे स्विगी, जोमेटो/कुरियर डिलेवरी, प्लेटफार्म के माध्यम से पर्सनल हैल्थ व वैलनेस सेवायें देने वाले व्यक्ति, राइड शेयरिंग जैसे रैपीडो, उबर), ट्रान्सपोर्ट वर्कर (रिक्शा/ई रिक्शा चालक, ऑटो चालक, ठेला खींचने वाले), डोमेस्टिक वर्कर (चौकीदार, रसोईया, माली, सफाई कर्मी, ड्राइवर, पालतू पशु देखभाल कर्मी, धोबी), भवन निर्माण श्रमिक (इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई, प्लम्बर, राजमिस्त्री, कुली मजदूर, साइट क्लीनर, वेल्डर, लोहार, पेन्टर), हॉकर्स, वेस्ट वर्कर (कबाड़ बीनने वाला, सफाई कर्मी, कबाड़ी वाला), दस्तकार, हस्तशिल्प श्रमिक व अल्प आयवर्ग के 18 से 60 वर्ष की आयु के राजस्थान के मूल निवासी पात्र व्यक्तियों को 80 हजार रूपये तक का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदक आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे- स्थानीय शहरी क्षेत्र का जनाधार, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नं., व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज लेकर कैम्प में उपस्थित हो सकते हैं। बैंक ऋण पर राज्य सरकार द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान देय होगा। योजना के लाभार्थी को तीन चरणों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रुपये का ऋण दिया जायेगा जिसकी पूर्ण भुगतान अवधि क्रमशः 12 माह, 18 माह एवं 36 माह होगी। अधिक जानकारी के लिए मुख्यालय एवं जोन कार्यालय के संपर्क सूत्र पर संपर्क कर योजना की जानकारी ली जा सकती है:- मुख्यालयः 8302960728, मालवीय नगर जोन = 8302960728, झोटवाड़ा जोन = 9982145666, मानसरोवर जोन =, विद्याधर नगर जोन = 9602403322, साँगानेर जोन = 9829813509, जगतपुरा जोन = 9829099564, मुरलीपुरा ऋण के लिए मौके पर ही पात्र व्यक्तियों से आवेदन भरवाये जा रहे हैं।

### त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने की अपील

## स्वच्छ जयपुर, हमारा कर्तव्य, हमारी पहचान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शहरवासियों से अपील की है कि आगामी पावन पर्वों/त्योहारों को श्रद्धा और उल्लास के साथ पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाएँ। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने आमजन से अपील की कि:- केवल कपड़े, कागज़ या अन्य प्राकृतिक सामग्री से बनी थैलों का ही प्रयोग करें, प्लास्टिक से बचें। प्रतिमा = प्राकृतिक मिट्टी एवं पर्यावरण अनुकूल रंगों से बनी प्रतिमाएँ स्थापित करें, प्लास्टर ऑफ पेरिस (च्व्च्) एवं रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं का प्रयोग न करें। सजावट थर्माकोल एवं प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े, कागज़, फूल एवं अन्य प्राकृतिक सजावट अपनाएँ। पूजा सामग्री निस्तारण = फूल-मालाएँ, कपड़े एवं पूजा सामग्री जल स्रोतों में न डालें। रीयूज़ेबल सामग्री (जैसे कपड़े आदि) को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों में जमा कराएँ।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार किया गया तथा पोषण युक्त आहार की जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 एवं 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के अंतर्गत सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की रक्तचाप, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन, वजन, लंबाई, रक्त जांच, एचआईवी टेस्ट, हृदय स्पंदन सहित अन्य जांचें की गईं। उन्हें आईएफए, कैल्शियम व अन्य आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में स्वयं की देखभाल, प्रसव पूर्व सावधानियों एवं गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। चिकित्सा कर्मियों ने महिलाओं को पौष्टिक आहार के महत्व से अवगत कराते हुए संतुलित व पोषणयुक्त भोजन लेने के लिए प्रेरित किया।



### कमेटी ऑफ सेक्रेटीज़ समीक्षा बैठक

# विधानसभा के लंबित प्रश्नों के जवाब व अन्य आवश्यक तैयारियां 25 अगस्त तक करें पूर्णः मुख्य सचिव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आगामी एक सितम्बर से शुरू हो रहे 16 वीं विधानसभा के चतुर्थ सत्र के मद्देनज़र सभी विभागों को लंबित प्रश्नों के जवाब तथा अन्य आवश्यक तैयारियां 25 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को शासन सचिवालय में आयोजित कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज़ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंत ने यह निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने विधानसभा प्रश्नों के जवाब पूर्ण सावधानी से तैयार करने तथा जवाब बनाने, भेजने को प्रथम प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आरजीएचएस का अनुचित लाभ उठाने वाले कार्मिकों की सूची का उल्लेख करते हुए ऐसे सभी कार्मिकों को एक सप्ताह में निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्मिक गुड गवर्नेस की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करें कि उनके पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर पदोन्नति से कार्मिकों में काम के प्रति उत्साह की भावना बनी रहती है जिससे वे सुशासन में अपनी महती भूमिका अदा करते हैं।

उन्होंने पशुपालन विभाग को आगामी रोजगार उत्सव की समुचित तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में पेंडिंग कैबिनेट नोट, सभी विभागों में नवीन भर्ती की स्थिति, नई नीतियां बनाए जाने संबंधी घोषणाओं की प्रगति आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि राजस्थान ने इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान में 2,80,447 वॉलिंटियर्स की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेशवासियों की उत्साहपूर्ण सोशल मीडिया अपलोडिंग ने भी राज्य को देशभर में दूसरा स्थान दिलाया है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार,



अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल अखिल अरोडा, अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल एवं उद्यमिता संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर ए. सावंत एवं संबंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज विंडो

### 18 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक वार्डवार आयोजित किये जायेंगे समग्र सर्वे कैम्प

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा राजस्व अभिवृद्धि करने के लिये नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की वसूली के लिये धरातल पर कार्य करना शुरू कर दिया गया है। 15 मई 2025 से निरन्तर समग्र सर्वे कैम्प आयोजित किये जा रहे है जो 31 जनवरी 2026 तक आयोजित किये जायेंगे। इसके अंतर्गत द्वितीय चरण में सभी जोन में 2-2 वार्डों में समग्र सर्वे कैंप 18 अगस्त 2025 से 30 अगस्त 2025 तक वार्डवार समंग्र सर्वे कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इन कैम्पों में नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार स्थित समस्त सम्पत्तिधारकों से नियमानुसार शत-प्रतिशत नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की वसूली करने के लिये समस्त सम्पत्तियों के सर्वे, रि-सर्वे, अपडेशन एवं आपत्ति निराकरण, बिल वितरण तथा ळमव ज्ंहहपदह का कार्य किया जा रहा है। प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक समग्र कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण के अन्तर्गत 15 मई 2025 से निरन्तर वार्डवार शिविर आयोजित किये जा रहे है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर नगरीय विकास कर एवं गृहकर में विभिन्न प्रकार से रियायत दी गई है जिसके तहत 30 सितंबर 2025 तक बकाया नगरीय विकास कर एकमुश्त जमा कराने पर नगरीय विकास कर में ब्याज एवं शास्ती में 100 प्रतिशत की छूट एवं वर्ष 2007 से 2011 तक के कर में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। साथ ही चालू वर्ष के नगरीय विकास कर की राशि 30 सितंबर 2025 तक जमा करवाने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देय है। क्रम में राजस्व की अभिवृद्धि करने तथा नगरीय विकास कर एवं विज्ञापन शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली के लिये सभी जोन में वार्डवार कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। सभी सम्पत्तिधारक बकाया नगरीय विकास कर एवं गृहकर की जानकारी घर बैठे ही बकाया राशि का ऑनलाइन भुगतान बेवसाइट ॅणतंरउनदपदबपचंसण्बवउ पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त सम्पत्तिधारक नगरीय विकास कर के बिल पर दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर किसी भी यूपीआई के माध्यम से नगरीय विकास कर का भुगतान कर सकते है।

### कर्मचारी ट्रेड यूनियन ने कनिष्ठ सहायक से 17 वरिष्ठ सहायकों के पद पर पदोन्नति होने पर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी का किया आभार व्यक्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर की कर्मचारी ट्रेड यूनियन द्वारा कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति होने पर नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कर्मचारी ट्रेड यूनियन अध्यक्ष श्रीमति कोमल यादव ने बताया कि कनिष्ठ सहायक से 17 वरिष्ठ सहायक की पदोन्नति आदेश जारी करने पर उपाध्यक्ष श्रीमति कुकल देवी, समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आयुक्त डॉ. गौरव सैनी का आभार व्यक्त किया।

### नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

## 27 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 5 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये ट्रोमा सेंटर एस.एम.एस. के सामने, सेवा सदन सहकार मार्ग, जे.एल.एन. मार्ग यू.डी.बी. बिल्डिंग के सामने, केसर चौराहे से 02 नं0 मण्डी गेट तक, बजाज नगर केशव विहार के सामने गोपालपुरा बाईपास के सामने, मांग्यावास, भारत माता सर्किल के पास पर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 27 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये ट्रोमा सेंटर एस.एम.एस. के सामने, सेवा सदन सहकार मार्ग, जे.एल.एन. मार्ग यू.डी.बी. बिल्डिंग के सामने, केसर चौराहे से 02 नं0 मण्डी गेट तक, बजाज नगर केशव विहार के सामने गोपालपुरा बाईपास के सामने, मांग्यावास, भारत माता सर्किल के पास पर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 27 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### जयपुर एयरपोर्ट पर स्टाफ मेंबर से टीचर ने छेड़छाड़ की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कार्यरत युवती से एक पैसेंजर ने छेड़छाड़ की। आरोपी पैसेंजर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 16 अगस्त की रात बैंकॉक जाने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। युवती एयरपोर्ट पर अपना काम कर रही थी। आरोप है कि इस दौरान उसने युवती से छेड़खानी की। ष्टढ्ढस्न्न के जवानों ने उसे पकड़कर एयरपोर्ट थाना पुलिस को सौंपा। 20 साल की पीड़िता की ओर से स्नढ्ढक्र दर्ज करवाई गई है। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि आरोपी एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। वह बैंकॉक जाने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। उसका बैंकॉक घूमने का प्लान था। **शराब के नशे में था आरोपी** पुलिस ने बताया- ज्योति नगर निवासी 54 साल का व्यक्ति रात करीब 9=15 बजे बैंकॉक की फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट आया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 4373125,8824399949 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

# हुक्मनामा समाचार

## सम्पादकीय...

### राहुल की वोटर अधिकार यात्रा



राहुल गांधी द्वारा रविवार से बिहार में शुरू की गई वोटर अधिकार यात्रा ने क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरण बदलने प्रारंभ कर दिए हैं राहुल गांधी की यात्रा पहले दिन सासाराम औरंगाबाद और रोहतास में होकर गुजरी, वोटचोर कुर्सी छोड़, और वोट का अधिकार लेकर रहेंगे जैसे नारों से यात्रा में शामिल लोगों ने जमीन आसमान एक कर दिया सबसे बड़ी बात तो यह रही कि युवाओं का इस यात्रा से जुड़ाव बढ़ता जा रहा है। चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोप और चुनाव आयोग द्वारा जांच के नाम पर 66 लाख बिहार के लोगों के नाम मतदाता सूची से उडाने का गुस्सा नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले वोट अधिकार यात्रा एक तरफ तो कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का मनोबल बढ़ा रही है वहीं दूसरी ओर भाजपा और उसके समर्थक पार्टियों के कार्यकर्ता घबराहट में होते जा रहे हैं उन्हें लग रहा है कि यह तूफान भाजपा और नीतीश को सत्ता से बाहर कर देगा। बिहार में कई तरह की समस्याएं बढ़ती जा रही है बेरोजगारी बिगड़ती कानून व्यवस्था सरकार का खाली होता खजाना ऐसे कहीं मामले हैं जिनको लेकर जनता की नाराजगी है अब जनता इस यात्रा के सहारे अपनी नाराजगी जताने में लग गई है, चुनाव आयोग द्वारा काटे गए 66 लाख नाम में लाखों व्यक्ति मौजूद हैं जिंदा है लेकिन उनकी मृत्यु मानते हुए सूची से नाम काट दिया गया है ऐसे सैकड़ो लोग दिल्ली से पटना तक नजर आ गए हैं। सुनने में आ रहा कि इस यात्रा को फेल करने के लिए आम जनता को इसमें जोड़ने से रोकने के लिए नीतीश सरकार ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है लेकिन जनता को वह नहीं रोक पा रही है दरअसल यह मामला भी ऐसा है कि कोई चाह कर भी विरोध नहीं कर सकता। इस यात्रा का कार्यक्रम बहुत सोच समझ कर बनाया गया है उन इलाकों का ध्यान रखा गया है जहां भाजपा और उनके सहयोगी दलों का कब्जा है।

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

1666- छत्रपति शिवाजी महाराज आगरा से फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार।
1757- ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा पहला एक रुपये का सिक्का में ढाला गया।
1939- गुरुवर रवींद्र नाथ टैगोर ने कलकत्ता में सुभाष चंद्र बोस महाजती सदन का शिलान्यास किया।
1949- भुवनेश्वर में ओडिशा की राजधानी बनी।
1964- संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण में हुआ।

**-धर्म चंद मेहता**

### क्रॉस फायर

❑ **चुनाव आयुक्त बोले प्रेजेंटेशन में दिखाया डाटा हमारा नहीं, वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दे या माफी मांगे।**
◆ **खुद भी तो किसी काम के लिए माफी मांग लो।**

❑ **बिहार में राहुल ने शुरू की वोट अधिकार यात्रा बोले यह संविधान बचाने की लड़ाई है।**
◆ **प्रचार के प्रचार और भाजपा बेनकाब।**

❑ **प्रधानमंत्री मोदी बोले व्यापारी विदेशी छोड़ मेड इन इंडिया प्रोडक्ट बेचे।**
◆ **खुद भी तो स्वदेशी बनो।**

❑ **महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार।**
◆ **अब पार्टी दूसरे पर भरोसा नहीं करेगी।**

❑ **कांग्रेस बोली निर्वाचन आयोग की अक्षमता और पक्षपात पूरी तरह से हो गए उजागर।**
◆ **पहले कोई कमी थी क्या।**

❑ **दिल्ली हाई कोर्ट बोला महिला का रोना दहेज उत्पीड़न साबित नहीं करता।**
◆ **रोना आसान भी नहीं है।**

❑ **कांग्रेस नेता बीके हरि प्रसाद ने आरएसएस को बताया इंडियन तालिबान।**
◆ **बात तो सही है पर बोलना नहीं चाहिए था।**

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले बजट घोषणाओं का समयबद्ध रूप से क्रियान्वयन हो सुनिश्चित।**
◆ **वरना फिर नया बजट आ जाएगा।**

**..............अंजू लोढ़ा**

### आज का राशिफल

**मंगलवार 19 अगस्त 2025**



**मेष राशि:** दिनचर्या अच्छी रहेगी। धन का लाभ होगा। प्रिय समाचार की प्राप्ति मित्र से प्रसन्नता होगी। प्रियजन से मिलाप होगा। शिक्षा में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा।



**वृषभ राशि:** पराक्रम की वृद्धि होगी। सामाजिक स्तर बढेगा। दायित्व का निर्वाह होगा। परिश्रम अधिक करना पडेगा। कार्य में उत्साह होगा। राजकाज में प्रसिद्धि मिलेगी।



**मिथुन राशि:** धन आगमन में समस्या आएगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में असंतोष रहेगा। निर्माण प्रगति पर रहेगा। संतान से सुख मिलेगा। धन का लाभ होगा। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आएंगी।



**कर्क राशि:** स्वयं में असंतोष रहेगा। मानसिक पीड़ा होगी। व्यर्थ की भागदौड़ होगी। समस्या का निवारण होगा। नीतिगत लाभ मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।



**सिंह राशि:** व्यापार में वृद्धि होगी। धन लाभ होगा। भूमि-जायदाद का मामला सुलझेगा। समस्या का निवारण होगा। शत्रु परास्त होंगे। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।



**कन्या राशि:** व्यापार में लाभ होगा। मित्रों से स्नेह बढेगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। मानसिक पीड़ा, धन का लाभ होगा। राजकाज में विलम्ब होगा। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।



**तुला राशि:** धन का लाभ होगा। संतान से प्रसन्नता मिलेगी। प्रियजन से मिलाप होगा। व्यापार का विस्तार होगा। दूर-समीप की यात्रा हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा।



**वृश्चिक राशि:** स्वास्थ्य में सुधार होगा। मित्रों से मतभेद होगा। कारोबार की चिंता रहेगी। अन्यत्र साधन के द्वारा लाभ होगा। कार्य में व्यस्त रहोगे। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।



**धनु राशि:** राजकाज में प्रसिद्धि व विस्तार होगा। कार्य में मन लगेगा। उत्साह बढेगा, धन का लाभ होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं रहेंगी।



**मकर राशि:** धन का थोडा लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्या से परेशानी बढेगी। कार्य में कठिनाई आयेगी। दैनिक कार्यों में विलम्ब होगा। गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है।



**कुम्भ राशि:** मन प्रसन्न रहेगा। कार्य में प्रगति रहेगी। धन का लाभ मिलेगा। अकस्मात व्यय होगा। धर्म कार्य पर खर्च होगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।



**मीन राशि:** रोजगार में वृद्धि होगी। साझेदारी से लाभ होगा। धन का आगमन होगा। निर्माण कार्य में प्रगति होगी। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## पर्युषण महापर्व- 20-27 अगस्त, 2025

# आत्मउन्नयन एवं जीवन-जागृति का पर्व है पर्युषण



**ललित गर्ग**

जैन धर्म में पर्युषण महापर्व का अपना विशेष महत्व है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मा की गहराइयों तक जाने का, आत्मनिरीक्षण करने का और आत्मशुद्धि का अनूठा पर्व है। जैन संस्कृति ने सदियों से इस पर्व को आत्मकल्याण, साधना और तपस्या का महान माध्यम बनाया है। 'पर्युषण' का शाब्दिक अर्थ है-अपने भीतर ठहरना, आत्मा में रमना, आत्मा के समीप होना। इस वर्ष अन्तःकरण की शुद्धि का यह महापर्व 20 से 27 अगस्त, 2025 को मनाया जा रहा है, इन आठ दिनों में हर जैन अनुयायी अपने तन और मन को साधनामय बना लेता है, मन को इतना मांज लेता है कि अतीत की त्रुटियां को दूर करते हुए भविष्य में कोई भी गलत कदम न उठे। इस पर्व में एक ऐसा मौसम ही नहीं, माहौल भी निर्मित होता है, जो हमारे जीवन की शुद्धि कर देता है। इस दृष्टि से यह पर्व आध्यात्मिकता के साथ-साथ जीवन उत्थान का पर्व है, यह मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौम पर्व है। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना करते हुए जीवन को शांत, स्वस्थ एवं अहिंसामय बनाया जाता है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है। जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। इसमें जप, तप, साधना, आराधना, उपासना, अनुप्रेक्षा आदि अनेक प्रकार के अनुष्ठान से जीवन को पवित्र किया जाता है। यह अंर्तआत्मा की आराधना का पर्व है-आत्मशोधन का पर्व है, निद्रा त्यागने का पर्व है। सचमुच में पर्युषण पर्व एक ऐसा सवेरा है जो निद्रा से उठाकर जागृत अवस्था में ले जाता है। अज्ञानरूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले जाता है। तो जरूरी है प्रमादरूपी नींद को हटाकर इन आठ दिनों विशेष तप, जप, स्वाध्याय की आराधना करते हुए अपने आपको सुवासित करते हुए अंर्तआत्मा में लीन हो जाए जिससे हमारा जीवन सार्थक व सफल हो पाएगा। पर्युषण का एक अर्थ है-कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। यह आध्यात्मिक पर्व है, इसका जो केन्द्रीय तत्त्व है, वह है-आत्मा। आत्मा के निरामय, ज्योतिर्मय स्वरूप को प्रकट करने में पर्युषण महापर्व अहं भूमिका निभाता रहता है। अध्यात्म यानि आत्मा की सन्निकटता। यह पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है। पर्युषण पर्व जैन एकता का प्रतीक पर्व है। दिगंबर परंपरा में इसकी ''दशलक्षण पर्व'' के रूप में पहचान है। उनमें इसका प्रारंभिक दिन भाद्र व शुक्ला पंचमी और संपन्नता का दिन चतुर्दशी है। दूसरी तरफ श्वेतांबर जैन परंपरा में भाद्र व शुक्ला पंचमी का दिन समाधि का दिन होता है। जिसे संवत्सरी के रूप में पूर्ण त्याग-प्रत्याख्यान, उपवास, पौषध सामायिक, स्वाध्याय और संयम से मनाया जाता है।



वर्ष भर में कभी समय नहीं निकाल पाने वाले लोग भी इस दिन जागृत हो जाते हैं। कभी उपवास नहीं करने वाले भी इस दिन धर्मानुष्ठान करते नजर आते हैं। पर्युषण पर्व मनाने के लिए भिन्न-भिन्न मान्यताएं उपलब्ध होती हैं। आगम साहित्य में इसके लिए उल्लेख मिलता है कि संवत्सरी चातुर्मास के 49 या 50 दिन व्यतीत होने पर व 69 या 70 दिन अवशिष्ट रहने पर मनाई जानी चाहिए। दिगम्बर परंपरा में यह पर्व 10 लक्षणों के रूप में मनाया जाता है। यह 10 लक्षण पर्युषण पर्व के समाप्त होने के साथ ही शुरू होते हैं। यह पर्व जैन अनुयायियों के लिए संयम, साधना और आत्मसंयम का विशेष अवसर लेकर आता है। इन दिनों में जैन समाज उपवास, प्रतिक्रमण, पाठ, स्वाध्याय, सामायिक, ध्यान और पूजा के माध्यम से आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। घर-घर में धार्मिक वातावरण बनता है और हर व्यक्ति अपने जीवन की दिशा को सुधारने का प्रयत्न करता है। पर्युषण पर्व का मुख्य उद्देश्य है आत्मा को कर्मों की परतों से मुक्त करना। जीवन में चाहे जितनी भी व्यस्तता हो, इन दिनों में हर जैन श्रावक-श्राविका अपने जीवन की गति को धीमा कर आत्मचिंतन करता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि बाहरी सुख-सुविधाएँ क्षणिक हैं, वास्तविक सुख भीतर है और आत्मा की शुद्धि में ही है। जब व्यक्ति अपने भीतर झाँकता है तो उसे अपने दोष, अपने अपराध और अपनी कमजोरियों का बोध होता है। इसी बोध से क्षमा और आत्मपरिवर्तन की भावना उत्पन्न होती है। पर्युषण पर्व के अंतिम दिन 'क्षमावाणी' का आयोजन होता है, जिसे 'क्षमा दिवस' भी कहा जाता है। इस दिन हर व्यक्ति अपने परिचितों, रिश्तेदारों, मित्रों और यहां तक कि शत्रुओं से भी यह कहता है-卐मिच्छामि दुक्कडम卐 अर्थात् यदि मुझसे किसी को भी मन, वचन या शरीर से कोई पीड़ा पहुँची है तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूँ। इस प्रकार क्षमा माँगने और क्षमा करने की परंपरा से समाज में सद्भाव, प्रेम और मैत्री का वातावरण बनता है। पर्युषण पर्व आत्मसंयम और आत्मिक साधना का गहन अभ्यास है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भोग-विलास और सांसारिक उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि आत्मा का उत्थान और मोक्ष की दिशा में अग्रसर होना है। यही कारण है कि इन दिनों में लोग केवल धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन ही नहीं करते, बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी सात्त्विकता, करुणा, अहिंसा और सहअस्तित्व को अपनाने का प्रयास करते हैं। यह पर्व हर जैन साधक के लिए एक आत्मयात्रा है।

## आज विश्व मानवतावादी दिवस पर विशेष

# अज्ञात नायक होते हैं मानवीय कार्यकर्ता



**सुनील कुमार महला**

प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को विश्व मानवतावादी दिवस मनाया जाता है।पाठकों को बताता चलूं कि यह दिन मानवीय सहायता कर्मियों और आपदा, युद्ध व संकट की घड़ी में जान बचाने वालों की याद में मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिन हमें उन लोगों की स्मृति दिलाता है, जिन्होंने विभिन्न मानवीय संकटों के दौरान अपनी जान गंवाई या मानवीय उद्देश्यों के लिए दूसरों की मदद करते हुए अपनी जान जोखिम में डाली?। आंकड़े बताते हैं कि 2024 में, 816 मानवीय कार्यकर्ता हमलों का शिकार हुए तथा जिनमें 383 कार्यकर्ता मारे गए। यह 2018 में दर्ज हमलों (410) की संख्या से लगभग दोगुना और उस वर्ष हुई मौतों से तीन गुना अधिक है। वास्तव में, यह दिवस लोगों में %मानवता% की भावनाओं को जाग्रत करता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि किसी विपदा, आपदा या जोखिम में एक मानव ही दूसरे मानव के काम आता है। मानवता एक व्यापक शब्द है,जिसे परिभाषित करना आसान नहीं है।याद रखिए कि किसी विपत्ति, आपदा, जोखिम की स्थिति में मदद के लिए आंखें मानव समाज को ही ढूंढती हैं।गौरतलब है कि भारत में मानवता के ऐसे कई प्रतिबिंब है, जो आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हो, लेकिन आज भी वे गर्व के साथ याद किए जाते हैं। उनमें प्रमुखता से मदर टेरेसा और महात?मा गांधी का नाम आता हैं। आज एशिया और अफ्रीका में बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं, जहां भुखमरी एक बहुत बड़ी समस्या है, लोग कुपोषण और बीमारियों के शिकार हैं, ऐसे हिस्सों में मानव समाज की बहुत जरूरत है,जो मानवता को भुखमरी जैसी समस्या से मदद के जरिए उबार सकते हैं।पाठक जानते हैं कि कोविड-19 महामारी के दौरान पूरा विश्व एक दूसरे के साथ खड़ा नजर आ रहा था। इस दौरान न जानें कितने डॉक्टर्स, पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी और फ्रंटलाइन वर्कर्स ने खुद की जान को जोखिम में डालकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दुनिया से अलविदा कह दिया था और दुनियाभर को इंसानियत से परिचय कराया। यही वास्तव में सच्ची मानवता थी।भूखे को रोटी देना,प्यासे को पानी देना, वस्त्रहीन लोगों को वस्त्र उपलब्ध कराना, बेघर को आसरा प्रदान करना, गरीबों को शिक्षित करना, अंधे, विकलांग, बीमार व्यक्ति की सहायता करना,बेरोजगारों को रोजगार देना,पशु-पक्षी?, मूक प्राणियों को अभयदान,गरीब, कमजोर लोगों की मदद तथा दुःखी और निराश लोगों को हिम्मत देना सच्चा धर्म,सच्ची ईश्वर भक्ति व सच्ची मानवता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि विश्व मानवतावादी दिवस इन पेशेवरों के साहस, प्रतिबद्धता और योगदान को, विशेष रूप से उन लोगों को जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया है, सम्मानित करता है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन से जुड़ी कुछ विशेष और कम ज्ञात बातें भी हैं, जिनके बारे में ज़्यादातर लोग नहीं जानते हैं। गौरतलब है कि इस दिवस का इतिहास संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हमले से जुड़ा है?।दरअसल, 19 अगस्त 2003 को बगदाद (इराक़) में यूएन मुख्यालय पर एक बम हमला हुआ था, और इसमें 22 लोग मारे गए थे, जिनमें यूएन के शीर्ष मानवीय राजनयिक सर्जियो विएरा डी मेलो भी शामिल थे और इसी घटना की स्मृति में साल 2008 से यह दिन मनाया जाने लगा। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन का कोई स्थायी नारा नहीं है।हर साल एक नई वैश्विक थीम इस दिन के लिए तय की जाती है। आज दुनिया भर में अनेक मानवीय चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन, जलवायु संकट, शरणार्थी, युद्ध, भुखमरी आदि।

इन सभी चुनौतियों पर ध्यान खींचने के लिए नया कैम्पेन और थीम तय की जाती है। उल्लेखनीय है कि विश्व मानवतावादी दिवस 2024 की थीम %मानवता के लिए कार्य करें% रखी गई थी और इस साल यानी कि वर्ष 2025 में यह थीम %वैश्विक एकजुटता को मजबूत करना और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना% रखी गई है। वास्तव में, यह थीम मानवीय सहायता के पीछे एक सरल विचार को दर्शाती है कि %अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मानवीय संकटों से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक साथ आना चाहिए , लेकिन ऐसा इस तरह से किया जाना चाहिए कि स्थानीय समुदायों के साथ न केवल लाभार्थियों के रूप में काम किया जाए, बल्कि सक्रिय प्रतिभागियों और नेताओं के रूप में काम किया जाए जो अपने भविष्य को स्वयं आकार दे सकें।% बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि मानवीय कार्यकर्ता अक्सर अज्ञात नायक होते हैं।बड़ी आपदाओं में डॉक्टर, नर्स, स्वयंसेवक, राहतकर्मी और स्थानीय लोग अपनी जान जोखिम में डालते हैं, परंतु यह विडंबना ही कही जा सकती है कि दुनिया के अधिकांश लोग उनके नाम तक नहीं जानते। वास्तव में, यह दिन उन्हीं की गुमनाम बहादुरी को याद करता है।हाल के वर्षों में यह दिन सिर्फ युद्ध-पीड़ित क्षेत्रों पर ही नहीं, बल्कि क्लाइमेट चेंज और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप, अनावृष्टि, भू-धंसाव, मौसमी आपात स्थितियों के साथ ही साथ भुखमरी, सुरक्षा आदि पर भी फोकस करने लगा है। यूएन और विश्वभर में अनेक गैर सरकारी संगठन इस दिन पर दुनियाभर में सोशल मीडिया कैम्पेन चलाते हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 से यह इंटरनेट पर मानवीय मुद्दों के लिए सबसे बड़ा वैश्विक ऑनलाइन अभियान माना जाता है। केवल बड़े एनजीओ या यूएन कर्मचारी ही नहीं, बल्कि वे स्थानीय लोग भी इस दिन सम्मानित होते हैं, जो बिना किसी नाम-शोहरत के ज़िंदगियाँ बचाते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने विश्व भर में हमेशा-हमेशा से मानवीय सहायता में बड़ी भूमिका निभाई है—फिर चाहे नेपाल वह भूकंप हो, श्रीलंका सुनामी, या अफ्रीका में दवा और अनाज की मदद। गौरतलब है कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान अनेक देशों को दवाएं भेजी। इस दौरान भारत ने दवाओं की गुणवात्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया और कीमतों में भी वृद्धि नहीं की।

## क्या कभी छोटे भाई, माता- पिता और बहनें उस त्याग को समझेंगे?

# यह भी एक ऐसी कहानी होगी, जो सिर्फ पीपल के पत्तों की सरसराहट में सुनी जाएगी

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

घर के आँगन में पीपल का पुराना पेड़ खामोशी से खड़ा था। उसकी छाँव में खेलते हुए बीते साल जैसे किसी पुराने संदूक में बंद पड़े थे। इस घर की दीवारों ने न जाने कितनी कहानियाँ देखी थीं — हँसी की, आँसुओं की, त्याग और उपेक्षा की। बड़े बेटे ने महज़ छठी कक्षा से ही घर का बोझ अपने कंधों पर उठा लिया था। पिता का स्वभाव ऐसा कि घर के कामों में कोई स्थायी हाथ बँटाना उनकी आदत में नहीं था। न कोई बड़ा सपना, न मेहनत से आगे बढ़ने की चाह। उस उम्र में, जब बाकी बच्चे अपनी पढ़ाई और खेलों में मग्न होते हैं, उसने ट्यूशन पढ़ाकर खुद की पढ़ाई भी पूरी की और छोटे भाई की भी। बहनों की पढ़ाई के लिए जितना संभव हो सका, उसने पैसे जुटाए। कपड़े, किताबें, फीस — हर ज़रूरत में वह आगे खड़ा था। शादी के बाद उसकी पत्नी भी इस जिम्मेदारी में बराबर की साझेदार बनी। वह न सिर्फ अपने घर की जिम्मेदारी निभाती, बल्कि ननदों को उनके घर जाकर पढ़ाती, उन्हें अपने साथ कोचिंग ले जाती। घर की छोटी-बड़ी ज़रूरतों के लिए बड़े की नौकरी और उसकी पत्नी के पैसों पर ही घर चलता रहा। पत्नी के फिक्स्ड डिपॉज़िट तक घर के खर्च में लग गए। जब उसकी पत्नी की भी नौकरी लगी, तब भी उनकी पूरी तनख्वाह घर की उन्नति में लगती रही। कई सालों बाद बड़ा भाई नौकरी में स्थिर हुआ। उसने घर का सपना सजाया — नया मकान बनवाया, एक पुरानी गाड़ी खरीदी ताकि घर के काम आसानी से हों। लेकिन गाड़ी का इस्तेमाल भी ज्यादातर छोटा ही करता। यहाँ तक कि जब उसकी पत्नी गर्भवती थी, तब भी छोटा गाड़ी लेकर चला जाता और भाभी बस से ड्यूटी जाती। बड़ा भाई खुद किसी और के साथ काम पर जाता। बड़े के बेटे के जन्म से पहले ही छोटे भाई की नौकरी लग चुकी थी। पर जिम्मेदारियों में हाथ बँटाने या घर का पुराना कर्ज़ चुकाने के बजाय वह अपने ही आराम में लगा रहा। एक-दो बार बड़े ने माता-पिता से भी कहा कि छोटे की जरूरतों पर ध्यान दो, पर उसकी इच्छाओं को पंख मत लगाओ। मगर माता-पिता ने यह नहीं सोचा कि बड़ा सालों से परिवार का बोझ उठाए हुए है और अपना सब कुछ घर के लिए झोंक चुका है। बड़ा भाई और भाभी हमेशा छोटे के लिए खुद से अच्छा ढूंढते और सोचते रहे — कपड़ों से लेकर पढ़ाई और सुविधा तक, हर बार उन्होंने पहले छोटे की ज़रूरत पूरी की। लेकिन माता-पिता और छोटे की इच्छाओं को कभी सब्र नहीं मिला; जो चाहा, तुरंत चाहिए था, चाहे उसके लिए बड़े का त्याग और मेहनत क्यों न कुर्बान हो। बड़े भाई और उसकी पत्नी दोनों ड्यूटी करते और बच्चा पिता की गोद में पलता। इस वक्त भी न सास-ससुर, न बहनें और न ही छोटा भाई मदद को आगे आए। कुछ समय बाद छोटे भाई की शादी हुई। उसकी पत्नी भी नौकरी में थी। घर के कर्ज़ को उतारने के बजाय दोनों ने नई गाड़ी खरीद ली। जबकि बड़े भाई की पत्नी को मायके से गाड़ी के लिए जो पैसे मिले थे, वे भी इस घर को आगे बढ़ाने में खर्च हो चुके थे। सबसे चुभने वाली बात यह थी कि बहनों की पढ़ाई और ज़रूरतों के लिए सालों तक सबकुछ देने के बाद भी, वे छोटे भाई के पक्ष में रहीं।

## आज विश्व फोटोग्राफी दिवस

# सिर्फ तस्वीर नहीं, इतिहास का आईना भी है फोटोग्राफी



**प्रो. आरके जैन**

फोटोग्राफी समय को एक फ्रेम में कैद करने की जादुई कला है। यह वह लेंस है जो न केवल दृश्यों को, बल्कि भावनाओं, संस्कृतियों और मानवता के अनकहे किस्सों को अमर बनाता है। 19 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व फोटोग्राफी दिवस केवल कैमरे की तकनीक का उत्सव नहीं, बल्कि उस नजरिए का सम्मान है जो दुनिया को नए रंगों और गहराइयों में देखता है।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक तस्वीर न सिर्फ आँखों के लिए एक दृश्य है, बल्कि वह एक कहानी, एक विचार और एक युग का दस्तावेज भी है। फोटोग्राफी का इतिहास 19वीं सदी की प्रयोगशालाओं में शुरू हुआ, जब जोसेफ निसेफोर निएप्स ने 1826 में पहली स्थायी तस्वीर खींची, जिसे व्यू फ्रॉम द विंडो एट ले ग्रास कहा गया। यह धुंधली तस्वीर, जो आठ घंटे की रोशनी के संपर्क में रहकर बनी, ने मानव इतिहास में एक नया अध्याय खोला। इसके बाद, 1839 में लुई दागेरे की दागेरेओटाइप प्रक्रिया ने फोटोग्राफी को और सुलभ बनाया। उसी वर्ष फ्रांस सरकार ने इसे दुनिया के लिए मुफ्त घोषित किया, जिसकी स्मृति में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसी खोज थी जिसने न केवल कला, बल्कि विज्ञान, पत्रकारिता और सामाजिक बदलाव को नया आयाम दिया। फोटोग्राफी ने इतिहास को जीवंत दस्तावेज में बदल दिया। 1857 के भारतीय विद्रोह की तस्वीरें हों या 1969 में चंद्रमा पर नील आर्मस्ट्रांग के पहले कदम की छवि, इन तस्वीरों ने समय की धारा को रोका और हमें अतीत को महसूस करने का मौका दिया। विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि फोटोग्राफी ने युद्धों, क्रांतियों और सामाजिक आंदोलनों को न केवल रिकॉर्ड किया, बल्कि उन्हें दुनिया तक पहुँचाकर बदलाव की प्रेरणा भी दी। उदाहरण के लिए, 1972 में वियतनाम युद्ध की उस तस्वीर ने, जिसमें एक नन्ही बच्ची नापाम बम के हमले से भागती दिख रही थी, पूरी दुनिया में युद्ध-विरोधी भावनाएँ भड़काईं। यह तस्वीर, जिसे निक उत ने खींचा था, आज भी फोटोग्राफी की सामाजिक शक्ति का प्रतीक है। आज फोटोग्राफी आम आदमी की जेब तक पहुँच चुकी है। स्मार्टफोन के कैमरों ने हर व्यक्ति को फोटोग्राफर बना दिया है। 2023 तक, वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन 1.8 अरब से अधिक तस्वीरें खींची जा रही थीं, जिनमें से 80त्न से ज्यादा स्मार्टफोन के जरिए। यह लोकतांत्रिक क्रांति फोटोग्राफी को पहले से कहीं अधिक समावेशी बनाती है। अब कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी दूरदराज के गाँव में हो या महानगर में, अपनी कहानी को दुनिया तक पहुँचा सकता है। भारत में, जहाँ 1.4 अरब लोग रहते हैं, स्मार्टफोन की पहुँच ने ग्रामीण फोटोग्राफरों को भी सामने लाया है, जो अपनी तस्वीरों के जरिए स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों को उजागर कर रहे हैं। हालाँकि, डिजिटल युग ने फोटोग्राफी को नई चुनौतियाँ भी दी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर ने तस्वीरों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं।

## तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण आज से

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वन विभाग भरतपुर की ओर से राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना के तहत तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण मृदा एवं जल संरक्षण पर आयोजित किया जायेगा। उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण पूर्ण रूप से प्रायोगिक होगा। जिसमें मृदा एवं जल संरक्षण की महत्वपूर्ण तथ्यों को सरल भाषा में व फील्ड में प्रायोगिक अभ्यास के माध्यम से समझाया जायेगा। इससे यह कार्य और भी %यादा गुणवत्ता व उपयोगी होंगे। सहायक वन संरक्षक सुरेश चौधरी ने जानकारी दी कि इसमें लगभग 50 वनकर्मी भाग लेंगे। जिसमें उनके ज्ञान व कौशल में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण वन विभाग जयपुर की ओर से सलाहाकार सदस्य योगेश गुप्ता द्वारा दिया जायेगा।

### पुलिस महानिदेशक एक दिवसीय दौरे पर

## महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षित महसूस कराना पुलिस की प्राथमिकता : राजीव कुमार शर्मा




**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर रहे। जहां उन्होंने भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। शर्मा ने जोर देकर कहा कि महिलाओं और ब%िचयों को सुरक्षित महसूस कराना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसा कोई स्थान नहीं होना चाहिए जहां महिलाएं असुरक्षित महसूस करें। उन्होंने चिन्हित अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने और अवैध खनन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि अवैध खनन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि हिरासत में आरोपी की मौत को लेकर पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस को सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि पदोन्नति उनकी सबसे अहम प्राथमिकता है और इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि ड्रग्स और साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने साइबर क्राइम के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है और ड्रग्स की सप्लाई रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु सबसे %यादा अफसोसजनक होती है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऐसे मामलों की समीक्षा की है और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेंज के अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहा कि हमारी जो प्राथमिकता है उन पर कैसे काम करना है और सभी पुलिस अधिकारी अपनी ओर से अ%छा काम कर रहे हैं अभी सुधार की गुंजाइश है और सभी अधिकारियों से कहा है कि और बेहतर पर्यवेक्षण करें साथ ही बेहतर अनुसंधान करें। हमारे थाने में जो पारिवारिक शिकायत लेकर के आते हैं उनकी शिकायत को ढंग से सुना जाए और सुनने की व्यवस्था भी हो। महिलाओं को सुरक्षित महसूस हो ब%िचयों को घर से बाहर और बाहर से घर जाते हुए कुछ सोचना ना पड़े शहर में ऐसा कोई स्थान नहीं हो जहां उन्हें लगे कि हम असुरक्षित हैं। जहां.जहां पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाने की क्षमता है वहां बढ़ाएं गस्त बढ़ाने की आवश्यकता है तो वह भी बढ़ाएं। जो चिन्हित अपराधी हैं जिनका पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड है हमारी सख्त निगरानी उन पर बनी रहे। हिरासत में आरोपी की मौत को लेकर के कहा गया है कि यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी । अगर ऐसी कोई घटना होती है तो यह उस व्यक्ति के परिवार के लिए जितनी दुखद है वह हमारे लिए भी उतनी ही दुखद है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सजग रहे और जो थाने का संतरी रहता है उसकी पूरी भूमिका होती है कि थाने में जिस व्यक्ति को लाया गया है उसका ध्यान रखें अगर इस तरह से ध्यान रखा जाएगा तो आगे ऐसी घटना नहीं देखी जाएगी।

## महिला कृषकों का दल जोधपुर रवाना

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** आत्मा योजनान्तर्गत जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से कुल 30 महिला कृषकों का नवीनतम तकनीकियों के प्रशिक्षण हेतु एक प्रशिक्षण दल (30 महिला कृषक) 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण हेतु किसान कौशल विकास केन्द्र, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिये प्रस्थान किया। कृषक प्रशिक्षण दल को प्रदीप शर्मा सहायक निदेशक उद्यान, सुरजीत कुमार सहायक निदेशक कृषि, छोटू राम सहायक कृषि अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण हेतु बस को रवाना किया। समस्त महिला कृषक किसान कौशल विकास केन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में सतत् कृषि के लिए उन्नत हाइटेक बागवानी विषय पर हाईटैक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त महिला कृषक दल कृषि कॉलेज तथा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के खेतों का भी भ्रमण करेंगे। कृषक दल के प्रभारी सुदेश कुमार उप परियोजना निदेशक आत्मा एवं सहप्रभारी मती रीमा मुंजाल कृषि पर्यवेक्षक भी कृषक प्रशिक्षण व भ्रमण हेतु साथ रहेंगे।

### शिक्षण सामग्री पाकर खिले बालकों के चेहरे : राजेंद्र मीणा

## प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी बालकों को किया गया सहायक शिक्षण सामग्री वितरण



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में दिनांक 18 अगस्त बुधवार को प्री-प्राइमरी एव प्राइमरी कक्षा के बालकों को सहायक शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल राजेंद्र मीणा ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को सहायता देकर शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री (कॉपी, पेन, पेंसिल ड्राइंग बुक, ऑल इन वन, ज्यामेट्री बॉक्स, स्कूल बैग, ग्लू, कटर और अन्य आवश्यक सामग्री) वितरित की गई। प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को प्रदान की गई। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार मीणा ने गविद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरित किया ग इस कार्यक्रम लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना हैग इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार मीणा, उप प्रधानाचार्य रोशनी मीणा, व्याख्याता जगदीश नारायण मीणा, प्रभारी संजीव कुमार मीणा, रामकिशन मीणा, रामजीलाल मीणा, निहाल सिंह गुर्जर, मनीष कुमार बंगाली, जितेंद्र कुमार चौधरी, सुनीता रानी, विनीता यादव, रश्मि मिश्रा, दिव्या निंद्रवाल, नेहा गुप्ता, वरिष्ठ अध्यापक मूलचंद मीणा, कमलेश कुमार, धर्मवीर शांडिल, संतोष मीणा, पीटीआई रामेश्वर प्रसाद मीणा, मेहजबीन शेख, राधारानी खंडेलवाल, कृष्णा, संजना, अनिल शर्मा, अजय सीरा, अभिषेक चौधरी, कुसुम मौर्य, मंत्रालय संवर्ग में मोहनलाल गुर्जर, चंद्रकांता सैनी, जयकांत पारीक, धर्मेंद्र कुमार सेन, सहायक कर्मचारी घनश्याम मेघवंशी एवं कन्हैयालाल नादाका उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी का रक्तदान शिविर 23 व 24 को

## देश में रक्तदान शिविर में एक लाख यूनिट रक्तदान कराकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का रखा लक्ष्य




**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व.विद्यालय मुख्यालय आबू.पर्वत जिला सिरोही राजस्थान एवं राजयोगा ए%यूकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन नई दिगी के सह.संयोजन में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी डॉ प्रकाशमणी की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बन्धुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की भारत एवं नेपाल में स्थित 6 हजार से अधिक ब्रह्मा कुमारी संस्थानों पर 23 से 25 अगस्त तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी श्रृंखला में भरतपुर के ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र विश्वशांति भवन 168 ए कृष्णा नगर पर 23 व 24 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें 500 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र भरतपुर पर रक्तदान शिविर की जिले की प्रभारी ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने बताया कि रक्तदान शिविर 23 व 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगा। यह रक्तदान शिविर आरबीएम अस्पताल की ब्लड बैंक टीम के सहयोग और शहर की विभिन्न संस्थाओं और रक्तदाताओं के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है जब आध्यात्मिक संगठन द्वारा देशभर में इतने बडे स्तर पर रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है। वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले महिलाएं और पुरुष भाई बहनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। शिविर में रक्तदान करने वाले भाई बहनों के लिए संस्था की ओर से सर्टिफिक्रेट भी दिया जाएगा। ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहन ने बताया कि चिकित्सकों के मुताबिक रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है। आयरन लेवल संतुलित रहता है और हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है।

## जिला रेडीमेड गारमेन्टस एण्ड हौजरी एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला रेडीमेड गारमेन्टस एण्ड होजरी एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें भगवानदास बंसल मैसर्स दाऊदयाल एण्ड संस को अध्यक्ष एवं विनय अग्रवाल मैसर्स विनय ट्रेडर्स को महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। चुनाव अधिकारी विष्णु लोहिया ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक एवं महामंत्री पद के लिए 4 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये थे जिनमें से तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापिस ले लिये। इस प्रकार दोनों पद के लिए एक-एक आवेदन पत्र रह जाने के कारण निर्विरोध रूप से भगवानदास बंसल को अध्यक्ष एवं विनय अग्रवाल को महामंत्री घोषित किया गया है।

## मुख्यमंत्री के आदेश पर जिला कलक्टर से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजा खैमकरण स्मारक के स्थान चयन व प्रगति के संदर्भ में शिष्टमण्डल जिला कलक्टर से मिला। 17वीं सदी के महान योद्धा राजा खैमकरण के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर में राजा खैमकरण स्मारक की घोषणा की थी। उसी संदर्भ में गढी सांवलदास के महंत शिशुपाल विद्यार्थी ने 5 बीघा जमीन का दान पत्र जिला कलक्टर को सौंप दिया है। इस जमीन का मुआयना करके ओंकार सिंह लखावत अध्यक्ष धरोहर प्राधिकरण ने भी सहमति दे दी है। इस संदर्भ में सोगरिया समाज कल्याण समिति, जिला जाट महासभा व सूरज सेना का प्रतिनिधिमण्डल जिला कलक्टर से मिला और इस संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।

जिला कलक्टर ने कहा कि जल्दी ही राजा खैमकरण का पैनोरमा तैयार करवाया जायेगा। इस अवसर पर सोगरिया समाज कल्याण समिति के महामंत्री श्याम सिंह जघीना, संयोजक जगवीर सिंह ठेकेदार, गिर्राज सिंह जघीना, जाट सूरज सेना के धीरेन्द्रपाल बिगू, अरविन्द पाल सिंह अध्यक्ष, जिला जाट महासभा के प्रेम सिंह कुंतल, जिला परिषद सदस्य बबलू कुरका, हुकम सिंह जगदम्बा, सचिन कुरका, रूद्रप्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जल जमाव वाले क्षेत्रों में हो एंटी लार्वा गतिविधियां : जिला कलक्टर



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किये गये प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गये। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जल भराव क्षेत्रो में एंटी लार्वा गतिविधियां नियमित हों और फोगिंग करवाई जाए साथ ही राजीविका की महिलाओं का सहयोग लिया जाए। उन्होंने जनाना अस्पताल और आरबीएम अस्पताल में सफ ाई व्यवस्था में सुधार करने हेतु प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त कलक्टर शहर को अस्पतालों में साफ सफाई व्यवस्था हेतु औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परस्पर समन्वय स्थापित कर लाडो प्रोत्साहन योजना के लंबित प्रकरणों में प्रगति लाये।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**कोटपूतली-बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े विभाग प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें, समयबद्ध एवं लक्ष्यानुरूप प्रगति के लिए प्रयास तेज करें और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करवाएं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, स्वनिधि योजना, राइजिंग राजस्थान सहित अन्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने नगर निकायों को निर्देश देते हुए कहा कि कचरा संग्रहण का कार्य समुचित ढंग से और मानकों के अनुरूप किया जाए। एडीएम ने संपर्क पोर्टल, रात्रि चौपाल, जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं के निस्तारण पर विभागवार लंबित प्रकरणों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जनसमस्याओं का समाधान समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए।

## जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक 21 अगस्त को

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में 21 अगस्त 2025 गुरूवार को प्रात: 10.30 बजे कलेक्ट्रेट गंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है।

## एमएसजे कॉलेज में युवा साथी केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महारानी जया कॉलेज परिसर के केन्द्रीय हॉल में सोमवार को युवा साथी केन्द्र का उद्घाटन समारोह प्राचार्य अन्जू तंवर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ योगेन्द्र भानू एवं विशिष्ट अतिथि डॉ आरके उपाध्याय रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत भाषण, कार्यकारी निदेशक इश्तेयाक जाफरी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सलाहकार रतन सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आत्मनिर्भर युवा का सपना इसी प्रकार के केन्द्रों से साकार होगा। उन्होंने कहा कि न केवल नौकरी की दिशा में बल्कि स्वयं का रोजगार प्रारम्भ कर दूसरों को भी नौकरी देने के लिए युवाओं को तैयार करेगा। डॉ आरके उपाध्याय ने छात्रों से इस परामर्श केन्द्र पर छात्रहितों से जुडे हुए विषयों पर आ रही परेशानियों का परामर्श लेने का आग्रह किया। डॉ योगेन्द्र भानू ने छात्रों को राष्ट्र के भविष्य का निर्माता बताते हुए युवा साथी केन्द्र की सहायता के माध्यम से अपनी आने वाली जिम्मेदारियों के निर्वहन की बात कही। कार्यक्रम में निदेशक नवीन यादव, एनएसएस प्रभारी पुजारी ठाकुर, एनसीसी प्रभारी लैफ्टिनेण्ट डॉ पीएल मीना, स्काउट प्रभारी डॉ अनिल कुमार नागर, डॉ रामबाबू, केन्द्र समन्वयक सौरभ कटारा, काउन्सलर मन्जुषा सिंह, मानवी चौधरी, भारती सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि व्यक्ति व 150 से अधिक युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लैब टैक्नीशियन कैडर के निजीकरण व स्पॉक मॉडल लैब एम.ओ.यू. के विरोध में मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ एलाइड के तत्वावधान में भरतपुर के समस्त बेरोजगार लैब टैक्नीशियनों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा को मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया है कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना के अंतर्गत लैब टैक्नीशियन कैडर का निजीकरण किया जा रहा है, जो न केवल बेरोजगार युवाओं के भविष्य को प्रभावित करेगा, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है। सरकारी लैबों का निजीकरण होने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाऐं नहीं मिल पाएंगी। निजी कम्पनियों का उद्देश्य केवल लाभ कमाना है, जिससे जांच की गुणवत्ता और विश्वसनीयता लोगों को नहीं मिल पायेगी तथा भ्रष्टाचार एवं घोटालों की संभावना बढ़ जायेगी।

## डॉ रंगोली वास्तव को किया सम्मानित



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पंजाब नैशनल बैंक मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार पीएनबी प्रेरणा अध्यक्षा मती सुभी शर्मा द्वारा स्वाधीनता दिवस पर डॉ रंगोली वास्तव को सम्मान पत्र देकर उनकी देश और विदेश की उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया। साथ ही पंजाब नैशनल बैंक परिवार ने होनहार बेटी को भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियों हेतु शुभकामनाएं दीं। मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार द्वारा 79 वा स्वाधीनता दिवास की शुभकामनायें देते हुए बताया कि डॉ रंगोली वास्तव द्वारा विदेश वाशिंगटन में विश्व स्तर सेमिनार में भारत से एक मात्र और अन्य विदेशी प्रतिभागियों में सबसे कम उम्र की रहीं। डॉ रंगोली वास्तव द्वारा बैंक का विशेष आभार प्रदर्शित किया और अपने संबोधन में सभी से अनुरोध किया जिस तरह आप परिवार मे सभी एक दूसरे का ख्याल रखते हैं ठीक इसी तरह सभी अपना अपना स्वास्थ्य का व्यक्तिगत ख्याल रखे यह अति आवश्यक है क्यूंकि आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा तो आप अपनों की सेवा ढंग से करेंगे। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख धर्मेन्द्र मीना, एमसीसी प्रमुख प्रीतम वर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रशांत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक भजन लाल सहित पीएनबी परिवार सदस्यों द्वारा डॉ रंगोली वास्तव की उपलब्धियों की सराहना की गई।

## लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर ने किया शहीदों को नमन




**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर के पदाधिकारियों ने देश भक्त शहीदों को नमन किया। कोहिनूर क्लब के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने एक कॉलेज में झंडारोहण करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि देश की आजादी को प्राप्त करने के लिए अनेक देशभक्तों ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया। इस अवसर पर उन्होंने अपने क्लब के साथियों के साथ शहीदों को स%ची श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उनके कारण ही आज हम सब स्वतंत्र हैं। क्लब के सदस्य के रूप में हम सेवा के मार्ग पर चलकर समाज और देश को मजबूत बनायें। आज हम सब संकल्प लें कि अपने देश और समाज की सेवा में हम हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हम दीन दुखियों की सेवा करते हुए कर्तव्यनिष्ठ बन सकते हैं। उन्होंने हिंदी साहित्य के सुविख्यात कवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों का उगेख करते हुए कहा कि अभी हमें और समर लड़ना है। समाज में आज भी गरीब और पिछड़े हुए हैं ऐसे दीन.हीन दुखी मनुष्यों की हमें हरसंभव मदद करना है। इस अवसर पर पीएमजेएफलायन प्रेमपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रेषित करते हुए कहा की व्यक्ति को मनुष्य जन्म मिला है तो वह अपने कर्मों के माध्यम से सेवा कर सकता है। एमजेएफ लायन प्रवीण फौजदार ने आए हुए सभी अतिथियों का दुपट्टा माला पहनाकर सभी का स्वागत किया और साथ ही शब्दों के माध्यम से सभी देशभक्त शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लायन प्रोफेसर मगन प्रसाद ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए अपने देश के उन वीर सपूतों को नमन किया जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें स्वतंत्रता के महत्व का एहसास तो कराता ही है इसके साथ ही कर्तव्यों को भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक बार फिर संकल्प लें कि हम अपने देश और समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का स%चा अर्थ तभी है जब हम सब मिलकर एक न्याय पूर्ण समतावादी और समृद्ध भारत का निर्माण करें। जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके त्याग समर्पण और बलिदान से ही हमारा देश आजाद हुआ है।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिये आवेदन आमंत्रित,आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 सितम्बर

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगानगर अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है, जिस हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 सितम्बर 2025 है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुखमन सिंह जौहल ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग की और से अल्पसंख्यक समुदाय यथा जैन, ईसाई, बौद्ध, मुस्लिम, सिख पारसी के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश लेने पर समस्त कोचिंग फीस का भुगतान संबंधित संस्था को व रहने का समस्त भुगतान संबंधित छात्र/छात्रा को डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा तथा चयन उपरांत संबंधित छात्र/छात्राओं की ओर से फार्म में अंकित संस्थान में प्रवेश मिलेगा और उसकी प्रवेश सूची विभागीय साइट पर अपलोड की जाएगी। जौहल ने बताया कि आवेदन करने से पूर्व विद्यार्थी अनुप्रती कोचिंग योजना के दिशा-निर्देशों को सही ढंग से पढे व उचित प्रतिष्ठित संस्थान का ही चयन करें।

# कृष्णा सर्किट के अंतर्गत बने म्यूजियम ऑफ ग्रेस का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया अवलोकन



**राजसमंद ( हुक्मनामा समाचार )।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा 23 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से कृष्णा सर्किट के अंतर्गत निर्मित म्यूजियम ऑफ ग्रेस का रविवार को अवलोकन किया। इस म्यूजियम ऑफ ग्रेस में पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय के इतिहास और महात्म्य आदि को विस्तृत रूप से भव्य चित्रों, श्रव्य एवं दृश्य माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने इस म्यूजियम की प्रशंसा की तथा कहा कि इस का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें ताकि आमजन यहां आकर गौरवशाली इतिहास को समझ सकें।

अवलोकन के दौरान एक प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि पुष्टिमार्ग की विरासत को प्रदर्शित करते हुए आगंतुकों को एक अनुभवात्मक और गहन यात्रा पर ले जाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। हम उन श्रद्धालुओं के भक्ति अनुभव को और समृद्ध करना चाहते हैं जो नाथद्वारा आकर आध्यात्मिक पवित्रता और भगवान श्रीकृष्ण के कृपालु हाथों की तलाश करते हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संग्रहालय के हॉल सावधानीपूर्वक तैयार किए गए स्थिर और डिजिटल प्रतिष्ठानों के माध्यम से आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इन प्रतिष्ठानों में पुष्टिमार्ग की कथा को उसकी स्थापना से लेकर वल्लभ-कुल, सेवा और उत्सवों तक क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया है। ये प्रतिष्ठान श्रीनाथजी की सेवा की विशद उदारता को मूर्त रूप देते हैं और दर्शकों को वल्लभाचार्य की पुष्टिमार्गीय शिक्षाओं से मिलने वाले परमानंद और उल्लास में लीन करते हैं।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमारा लक्ष्य विशेष रूप से युवा पीढ़ी तक पहुँचना, उनकी संवेदनशीलता को आकर्षित करना और आध्यात्मिक दर्शन में अर्थ की उनकी खोज का उत्तर देने का प्रयास करना है। उल्लेखनीय है कि पुष्टिमार्ग मध्यकाल में वैष्णव धर्म के पाँच महान संप्रदायों में से एक के रूप में उभरा। इस आंदोलन की स्थापना वल्लभाचार्य ने की और आज बड़ी संख्या में अनुयायी इस परंपरा का पालन करते हैं।

इस संप्रदाय का दार्शनिक आधार शुद्धाद्वैत दर्शन या शुद्ध अद्वैतवाद—है, जो इसे वैष्णव परंपरा में विशिष्ट बनाता है। पुष्टिमार्ग परंपरा कृष्ण को सर्वस्व और सर्वस्व को कृष्ण के रूप में स्वीकार करती है। इस दौरान नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जगदीश पालीवाल, समाजसेवी माधव जाट आदि मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण: बच्चों के भविष्य को संवारने पर जोर

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज राजसमंद जिले के प्रवास के दौरान कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भोप जी की भागल गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उनका यह दौरा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण, स्वच्छता, शिक्षण गतिविधियों और केंद्र के बुनियादी ढांचे की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया था। निरीक्षण के दौरान, उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ आत्मीयता से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, शैक्षणिक सामग्री और खेल-कूद की सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ कुछ पल बिताए और बड़े ही आनंद से उनसे कविताएं सुनी और बात भी की। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी कविताएं सुनाई।



उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि बच्चों को पोषण युक्त भोजन दिया जा रहा है और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के कामकाज की सराहना की और कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा और पोषण युक्त वातावरण मिलना चाहिए, क्योंकि यही उनके उज्वल और सशक्त भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट है कि कोई भी बच्चा सुविधाओं से वंचित न रहे। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें यह सुनिश्चित करना है कि वे इस भूमिका को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएं।' उन्होंने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बच्चों को शुरुआती वर्षों में ही ऐसा वातावरण मिले, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सर्वोत्तम हो सके। इस अवसर पर कई अधिकारी, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पर्यटक स्थल हर्ष पर हादसा- कार गहरी खाई में गिरी दो की मौत



**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** हर्ष पर्वत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गाड़ी गहरी खाई में गिरी दो लोगों की मौत एक युवती गंभीर रूप से घायल। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और स्थानीय लोगों के साथ-साथ पुलिस व बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया। जीण माता थाना अधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि हर्ष पर्वत पर गाड़ी करीब 250 फीट गहरी खाई में गिर गई. कार सवार युवती और युवक की मौत एक युवती घायल एसके हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हादसा हर्ष पर्वत पर वॉच टावर के नजदीक आंतरी नाला के पास हुआ कार को क्रेन की मदद से निकला । हादसे में जयपुर के सोडाला निवासी देवांग उर्फ हर्षित शर्मा (22) और एक युवती की मौत प्रीति (27) घायल एसके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा।

**खाई 250 फीट गहरी**-यह घटना हर्ष पर्वत के वॉच टावर के पास आंतरी नाला क्षेत्र में स्कोडा गाड़ी में सवार लोग हर्ष को सैर कर वापस लौट समय तभी अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 250 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

गाड़ी गिरने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद पर्यटक और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीणमाता थाना पुलिस, सदर थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची टीम ने खाई में उतरकर घायल और मृतकों को बाहर निकाला।

**हर्ष पर्वत 3100 फीट ऊंचा**-3100 फीट ऊंचाई पर स्थित इस पर्वत पर रोजाना लोग घूमने और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आते यहां से पूरे सीकर शहर का मनमोहक दृश्य दिखाई देता साथ ही यहां ऐतिहासिक हर्षनाथ मंदिर और वॉच टावर भी मौजूद है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते।

### राइजिंग राजस्थान अंतर्गत एमओयू की हो शत- प्रतिशत क्रियान्विति : सुराणा

## जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान अंतर्गत किए एमओयू की क्रियान्विति पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभागों की समन्वित प्रयासों से राइजिंग राजस्थान अंतर्गत एमओयू की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित हो। राइजिंग राजस्थान प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा किए गए एमओयू समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतरे ताकि उन्नत सेवाओं का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्व, नगर निकाय, ग्रामीण विकास, ऊर्जा सहित सभी विभागों के अधिकारी राइजिंग राजस्थान अंतर्गत किए गए एमओयू की मॉनीटरिंग करते हुए इनकी क्रियान्विति सुनिश्चित करें।



**वित्तीय समावेशन शिविरों में बीमा योजनाओं का मिले लाभ**-जिला कलक्टर सुराणा ने एलडीएम एवं सभी विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे वित्तीय समावेशन शिविरों को लेकर निर्देश दिए कि समुचित प्रचार— प्रसार के साथ शिविरों का आयोजन हो। आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी बीमा योजना का लाभ मिले तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी बैंक प्रतिनिधियों का समुचित सहयोग करें व शिविरों में अधिकाधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।

## पिज़्ज़ा, बरगर नहीं संतुलित भोजन स्वस्थ रहने में सहायक : डॉ. सिंह

**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रत्येक जीव के स्वस्थ रहने में सर्वाधिक भूमिका संतुलित भोजन की होती है, हालांकि स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ पर्यावरण व परिवेश भी जरूरी है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने विद्यार्थियों को संतुलित भोजन का महत्व बताया। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि सामान्यत: लोग चपाती, चावल या थोडी सी सब्जी खा लेने को ही संतुलित भोजन मान लेते है। किसी भी वयस्क व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक कार्बोहाइड्रेट्स, वसा, प्रोटीन, खनिज लवण व विटामिन की पूर्ति के लिए चपाती या चावल के अलावा 300-400 ग्राम सब्जी, 150-200 ग्राम फल, 70-75 ग्राम दाल और 500 मि.ली. दूध या छाछ प्रतिदिन आवश्यकता होती है। महगें फल व सब्जी खरीदने की जरूरत नही है बाजार में उपलब्ध सीजनल व सस्ते फल व सब्जी भी उतने ही कारगर हैं, जितने के मंहगें फल व सब्जी। हमारे देश में बच्चे व महिलाओं में कुपोषण की समस्या बढती जा रही है। बाजार में उपलब्ध मंहगें पिज्जा, बर्गर व प्रोसेस्ड फूड नुकसानदायक है, उनकी जगह घर में बना ताजा भोजन लाभकारी है। विशेषत: छोटे बच्चों एवं गर्भवती माँ के लिए संतुलित भोजन जरूरी है। हमारी पहली आवश्यकता भोजन है, इसलिए संतुलित भोजन के लिए जागरूक रहें।

### सोमवार सुबह 4.30 बजे की वारदात, 5 साल से चल रहा विवाद, दो दिन बाद कोर्ट में थी तलाक की तारीख

# झुंझुनूं में आरएससी कांस्टेबल ने पत्नी-बेटे पर तलवार से हमला किया, खुद ट्रेन से कटकर दी जान



**झुंझुनूं ( हुक्मनामा समाचार )।** झुंझुनू जिले में सोमवार सुबह खौफनाक वारदात सामने आई। इंडाली निवासी व आरएससी कांस्टेबल राजकुमार कांटीवाल ने घरेलू कलह के चलते पत्नी कविता और बेटे पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में पत्नी बुरी तरह घायल हो गई, उसकी दो अंगुलियां हाथ से कटकर अलग हो गईं। बेटे की गर्दन पर भी गहरे घाव आए। घटना के बाद राजकुमार रतन शहर रेलवे ट्रैक पर गया और ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, किसान कॉलोनी स्थित किराए के मकान में सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। गुस्से में राजकुमार ने तलवार से पत्नी और बेटे पर ताबड़तोड़ वार किए। चीख-पुकार सुनकर कॉलोनी के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। सुबह 5 बजे कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि राजकुमार दो दिन पहले ही अपने गांव इंडाली से तलवार लाकर घर में छुपाकर रखा था। इससे साफ जाहिर होता है कि उसने वारदात की योजना पहले से बना रखी थी।

**एसएमएस अस्पताल जयपुर रेफर**-हमले में पत्नी कविता का हाथ बुरी तरह घायल हुआ और उसकी दो अंगुलियां कटकर अलग हो गईं। बीडीके अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे जयपुर स्ब्स अस्पताल रेफर किया। बेटे की गर्दन पर गहरे घाव हैं और उसका इलाज झुंझुनूं में जारी है।

**16 अगस्त को आया था छुट्टी पर**-परिजनों के अनुसार, राजकुमार 16 अगस्त को ही RAC की ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर आया था। लौटते ही विवाद और तल्खी बढ़ गई। दो दिन तक तनाव का माहौल रहा और फिर सोमवार सुबह यह वारदात हो गई।

**5 साल से विवाद, 20 अगस्त को तलाक की तारीख**-पति-पत्नी के बीच पिछले 5 साल से विवाद चल रहा था। मामला कोर्ट तक पहुंच चुका था और 20 अगस्त को तलाक की अगली तारीख थी। पुलिस का मानना है कि इसी तनाव और दबाव ने राजकुमार को हिंसक बना दिया।

**हमला करने के बाद खुदकुशी**-पत्नी-बेटे पर हमला करने के बाद राजकुमार घर से निकल गया और थोड़ी देर बाद रतन शहर रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**मौके पर पहुंचे अधिकारी**-कोतवाली थाना पुलिस और सब इंस्पेक्टर सीताराम ओला मौके पर पहुंचे। तलवार जब्त कर ली गई। ओला ने बताया कि शुरुआती जांच में गृह क्लेश और तलाक का दबाव ही वारदात की मुख्य वजह सामने आई है।

**कॉलोनी में दहशत, गांव में मातम**-सुबह-सुबह हुई वारदात से किसान कॉलोनी में दहशत फैल गई। पड़ोसियों का कहना है कि दोनों के बीच झगड़े होते रहते थे, लेकिन राजकुमार इतना बड़ा कदम उठा लेगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। इंडाली गांव और कविता के मायके में मातम पसर गया। एक पल के गुस्से ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। पत्नी एसएमएस अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है, बेटा झुंझुनूं में उपचाराधीन है और पति ने आत्महत्या कर ली। यह घटना समाज के लिए भी सबक है कि घरेलू विवाद का हल बातचीत और कानूनी रास्तों से ही निकल सकता है, हिंसा और आत्महत्या से नहीं।

## एक नजर

### बाल निकेतन शिक्षण संस्थान के छात्रोंओ ने किया गौरवान्वित

### पूर्व छात्राओं का सरकारी सेवा में चयन होने पर सम्मान




**पिलानी ( हुक्मनामा समाचार )।** बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी में विद्यालय की पूर्व छात्राओं का सरकारी सेवा में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, छात्रा वंदना सैनी का दिल्ली पुलिस में सहायक उप निरीक्षक पद पर तथा छात्रा अनामिका का सशस्त्र सेना बल में उप निरीक्षक पद पर चयन होने पर विद्यालय द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक व स्कूल प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस एस नायर(ढ्क्स्रू) थे। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तथा सरकारी सेवा में चयनित छात्राओं का परिचय करवाया। मुख्य अतिथि महोदय मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस एस नायर(ढ्क्स्रू) व संस्था के प्रशासनिक अधिकारी शोभा वर्मा द्वारा छात्राओं को दुपट्टा स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। दोनों चयनित छात्राओं ने अपने विद्यालय की स्मृतियां विद्यार्थियों से साझा की तथा विद्यार्थियों को यह मोटिवेशन दिया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और जिद की आवश्यकता होती है उन्होंने बताया की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को सिद्ध करने के लिए करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में छात्राओं का वजूद आवश्यक है चाहे कितना भी कठिन क्षेत्र क्यों ना हो। छात्रों ने बताया कि बाल निकेतन शिक्षण संस्थान छात्रों के लिए इस प्रकार का प्लेटफार्म है जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है । मुख्य अतिथि महोदय ने अपने आशीर्वचन में बताया कि सशस्त्र सेना बल व दिल्ली पुलिस में चयन होना छात्रों के लिए मामूली बात नहीं है कड़ी मेहनत व लगन से किसी भी लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है।

## पार्षद सहित पांच घरों में चोरों ने किए चोरी के प्रयास - एक घर में हुए सफल

**रतनगढ ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में गत रात्रि को एक पार्षद के घर सहित चोर ने पांच घरों में चोरी के प्रयास किए । एक घर से लाखों रुपए के आभूषण सहित नकदी की चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल हुए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड संख्या 35 के पार्षद मांगीलाल प्रजापत, वार्ड के ही महेंद्र भार्गव, बिरदाराम प्रजापत, हनुमानाराम जाट एवं ताराचंद माली के घर पर चोर ने दबिश दी, जहां पर हनुमानाराम जाट के घर को छोड़कर अन्य जगहों पर जाग होने पर चोर मौके से फरार हो गया। जबकि हनुमानाराम के घर में चोर ने प्रवेश कर कमरे की आलमारी से सोने-चांदी के आभूषण एवं करीब आठ हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। घटना के समय कमरे में हनुमानाराम का पुत्र व पुत्रवधु सो रहे थे। घटना का पता सुबह चला, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर एएसआई रामनिवास, हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी से अवगत हुए। मोहल्ले के दिनेश प्रजापत ने बताया कि बाइक पर सवार होकर आए चोर को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन चोर भागने में सफल हो गया।



## महिमा निर्वाणा आरडब्ल्यूए चुनाव परिणाम घोषित, अनीता शर्मा पैनल की बड़ी जीत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** महिमा निर्वाणा सोसायटी में रविवार को सम्पन्न हुए आरडब्ल्यूए चुनावों में अनीता अजय शर्मा के पूरे पैनल ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है, जो आगामी दो वर्षों तक निवासियों की सेवा करेगी। नव-निर्वाचित टीम इस प्रकार है ।अध्यक्ष पद पर अनीता शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर शोभा भटनागर ,सचिव पर संजय श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष पद पर सागर सेठी वही कार्यकारिणी सदस्य में अंजु राठी, शांति रूप माथुर, शिल्पा घिया नियुक्त किया गया है। वहीं निवासियों ने नई टीम से सोसायटी के विकास, बेहतर बुनियादी ढांचे और स्वच्छता को लेकर ठोस कदम उठाने की उम्मीद जताई है।



## विद्याश्रम में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी का उत्सव

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** विद्याश्रम स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के विभिन्न बालरूपों तथा राधा-यशोदा-बलराम आदि लीलाओं का सजीव मंचन किया। प्राइमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और राधा-कृष्ण के मधुर गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों के लिए श्रीकृष्ण जन्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें प्रथम विजेता- गोपाल टीम - माही, हेमराज, हिमाक्षी द्वितीय विजेता- कृष्ण टीम - अंश, जानवी, अंशुल तृतीय विजेता- वासुदेव टीम - यथार्थ, पामिका, कुमुद आदि प्रतियोगिता में विजेता रहे। संस्था निदेशक मंजू लाटा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संयोजन यामिनी जैन एवं सरिता टेलर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पायल शुक्ला, चन्दा शर्मा, एचओडी विंसी थॉमस सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



## बार-बार हो रही बिजली कटौती से बेहाल जनता

**वैर ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बा सहित क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से लोग खासे परेशान है। कस्बा से लगे हुये गांवों के वाशिन्दे भी इस कटौती से आक्रोशित है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में 10 - 15 बार बिजली गोल हो जाती है जो 10 से 20 मिनट तक रहती है। बिजली आपूर्ति तमाशा बनी हुई है। दिन में भी बार-बार बिजली की अघोषित कटौती होती है जिससे दिन में बिजली पर आधारित कार्य प्रभावित होते हैं और रात की कटौती से लोगों की नींद हराम हो जाती है। लोगों ने इस बात पर भी दुख जताया की जन प्रतिनिधि भी इस बड़ी जन समस्या को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं । ऊमस भरी गर्मी में बिजली बंद रहने से लोग पसीने से तरवतर हो जाते हैं। बिजली विभाग से संबंधित एक कार्मिक ने बताया कि इन दिनों विद्युत लाइनों पर लोड बढ़ जाने एवं बार-बार फाल्ट होने से बिजली की समस्या आ रही है विद्युत कर्मी इसे तत्काल ठीक करने का प्रयास करते हैं।

## डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा दौसा में 7 सेंटर पर हुई शुरू

# जिले की राजकीय एवं निजी डीएलएड संस्थानों में प्रशिक्षणरत 2000 परीक्षार्थी पंजीकृत

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर के के निर्देशानुसार एवं जिले में डाइट बसवा के तत्वाधान में डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 18 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक दोपहर 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रभारी अधिकारी डॉ बीएल नापित के अनुसार इस परीक्षा में जिले की राजकीय एवं निजी डीएलएड संस्थानों में प्रशिक्षणरत 2000 परीक्षार्थी प्रविष्टि होंगे। परीक्षार्थियों के आवागमन की सुविधा की दृष्टि से जिला स्तर पर सात राजकीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमे पीएमश्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आनंद शर्मा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महेश्वर खुर्द, राज उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेलवे स्टेशन ,महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय दोसा खुर्द, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी चौक को बनाया है। परीक्षार्थी इंटर्नशिप हेतु उपलब्ध करवाए गए यूजर आईडी और पासवर्ड से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र को संबंधित संस्थान से प्रमाणित करवाकर मूल पहचान पत्र के दस्तावेज साथ लेकर परीक्षा में प्रविष्ट हो सकेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक आब्जर्वर नियुक्त किया गया है जो डाइट बसवा का अधिकारी है जो पूरी परीक्षा को मॉनिटरिंग करेगा। परीक्षा केंद्र की देखरेख करेगा परीक्षा में जो भी शिक्षक लगाए गए हैं वीक्षक स्थानीय परीक्षा केंद्र के ही शिक्षक होंगे। यह परीक्षा सोमवार 18 अगस्त से शुरू होकर 29 अगस्त तक होगी।



## वित्तीय साक्षरता शिविरों में बैंक अधिकारी पूर्व तैयारी के साथ आएं : जिला कलेक्टर



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता को लेकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को सोनवा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक कल्याण जाखड़ को पूर्व तैयारी के साथ शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जाने हैं, वहां के बैंक खातेदारों की संख्या, री केवाईसी से शेष लोगों का डाटा, इसके लिए पूर्व में सूचना एवं लिए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में खाता धारकों को बताया जाएं। जिला कलेक्टर ने आमजन से भी लंबे समय से अक्रियाशील खातों को बंद करने की समझाइश की। उन्होंने साइबर फ्रॉड को लेकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। एलडीएम ने कहा कि शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना के तहत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण एवं प्रधानमंत्री जन–धन योजना के तहत नये खाते खोले जाएंगे तथा निष्क्रिय खातों के लिए री–केवाईसी की जाएगी। आयोजित शिविर स्थल पर आस–पास के नागरिक पहुंचकर लाभ ले सकते है। शिविर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार समेत स्थानीय बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर का सही ज्ञान अब झुंझुनूं को देगा नई पहचान

**झुंझुनूं (हुक्मनामा समाचार)।** ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के संयुक्त वित्त पोषण से प्रदेशभर में उपभोक्ताओं के घरों और परिसरों में निःशुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता महेश टीबड़ा ने बताया कि झुंझुनूं वृत के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों (कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर) में स्मार्ट मीटरिंग योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कार्यदायी संस्थाएं उपभोक्ता सर्वेक्षण कर मौजूदा मीटरों की जगह स्मार्ट मीटर स्थापित करेंगी। इसके लिए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। मीटर लगाने के लिए अधिकृत इंस्टॉलर या सुपरवाइजर उपभोक्ता से बिजली कनेक्शन की जानकारी लेंगे और सही मोबाइल नंबर दर्ज करेंगे, ताकि उपभोक्ता अपनी रोजाना की बिजली खपत मोबाइल एप पर देख सकें। यह पूरी सेवा निःशुल्क है । स्मार्ट मीटर बदलने पर आपको किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं करना पड़ेगा। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को कई लाभ मिलेंगे—रोजाना बिजली खपत की जानकारी, पारदर्शी बिलिंग, पावर कट और विद्युत व्यवधान की सूचना, रीयल टाइम अलर्ट, ऑनलाइन भुगतान सुविधा, साथ ही प्रीपेड उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल में प्रति यूनिट 15 पैसे की छूट। इसके अलावा यह मीटर प्रीपेड, पोस्टपेड और नेट मीटर पर कार्य कर सकेगा और सोलर कनेक्शन पर नेट मीटर से बदला जा सकेगा।

### अपात्रों को नाम हटवाने का अंतिम मौका 31 अगस्त तक

# 'गिव अप' अभियान के तहत जिले में 16142 सदस्यों ने छोड़ा स्वेच्छा से लाभ

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'गिव अप' अभियान के तहत जिले में अब तक 3314 परिवारों के 16142 सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम स्वेच्छा से हटवा लिया है तथा 670 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। अपात्र लोग 31 अगस्त तक इस योजना से स्वेच्छा से नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी मोहन लाल देव ने बताया कि खाद्य विभाग ने 'गिव अप' अभियान के तहत सरकारी कार्मिक, आयकर दाता, एक लाख से अधिक वार्षिक आय, चार पहिया निजी वाहन वाले अपात्र श्रेणी के परिवारों को स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से नाम पृथक कराने के लिए 31 अगस्त तक अंतिम अवसर दिया है। आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम एनएफएसए योजना से पृथक करवा सकते हैं। यदि इसके उपरान्त भी इन अपात्रता के श्रेणी में आने वाले परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम नहीं हटवाते हैं तो वसूली संबंधी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 'गिव अप' अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम पृथक करने के लिए आवेदन प्राप्त होने पर जिले में अब तक 3314 परिवारों के 16142 सदस्यों का नाम इस योजना से हटाया गया है। साथ ही, 670 परिवारों को अपात्र होने के बावजूद नाम नहीं हटवाने पर कार्यालय से नोटिस जारी किए गए हैं जिनसे वसूली की कार्यवाही की जाएगी। जिला रसद अधिकारी मोहनलाल देव ने बताया कि अपात्र परिवारों की जांच कर चिह्नित करने के लिए विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। अब क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक एवं उचित मूल्य दुकानदारों से समन्वय स्थापित कर सघन जांच की जा रही है। खाद्य विभाग जल्द ही परिवहन विभाग से चार पहिया निजी वाहन मालिकों का डाटा लेकर अपात्रों को चिन्हित करेगा। इसके बाद वसूली की प्रक्रिया शूरू होगी। खाद्य सुरक्षा सूची में से अपात्र परिवारों की सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस को जांच रिपोर्ट जिला रसद कार्यालय एवं खाद्य विभाग को प्रेषित की जा रही है।

## सचिव रेखा यादव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा हाउसिंग बोर्ड में स्थित वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान हाउसिंग बोर्ड स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को मिल रहे भोजन डाइट चार्ट के अनुसार, स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, चिकित्सकीय सुविधाएं और उनकी उचित देखरेख की जांच की गई साथ ही वृद्धाश्रम में रजिस्टर का अवलोकन किया गया इस दौरान कुल 8 वृद्धजन उपस्थित मिले। निरीक्षण दौरान वृद्धाश्रम में साफ–सफाई अव्यवस्थित पाई गई एव रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया रसोईघर में भी सामान अव्यस्थित पाया गया वृद्धाश्रम इंचार्ज को रसोईघर एवं कमरों की पुनः साफ–सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धाश्रम में सचिव ने वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का निर्माण किया गया है साथ ही सचिव ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम 2024 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी सचिव रेखा यादव ने कहा कि समाज के हर वर्ग को अपने वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए संवेदनशील रहना चाहिए।

## देवली में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**देवली (हुक्मनामा समाचार)।** देवली के हनुमान नगर थाना क्षेत्र में नापाखेड़ा पुलिया पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभिमन्यु के रूप में हुई है, जो पाड़लिया थाना सावर, अजमेर का निवासी था। सोमवार सुबह अभिमन्यु अपने गांव से देवली की ओर जा रहा था। नापाखेड़ा पुलिया के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सावर थाना और हनुमान नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हनुमान नगर थाना क्षेत्र में घटना होने के कारण वहां की पुलिस ने शव को देवली उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि अभी तक परिजनों की तरफ से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। परिजन देवली अस्पताल में मौजूद हैं। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

# राष्ट्रीय निगमों की विभिन्न योजनाओं में आवेदन आमंत्रित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परियोजना प्रबंधक राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में संचालित निगमों की विभिन्न ऋण योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन 3 जून से 31 अगस्त तक आमंत्रित किए जा रहे है। परियोजना प्रबंधक अनुजा निमगम देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के 16, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 8, सभी वर्ग के विशेष योग्यजन वर्ग के 8, सफाई कर्मचारी, स्वच्छकार वर्ग 9 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 14 व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न व्यवसाय उद्योग, सेवा क्षेत्र आदि के लिए किराना दुकान, सिलाई कार्य, भैंस, गाय पालन, ब्यूटीपार्लर, कपड़ा दुकान, ऑटोमाबाइल रिपेयरिंग, डेयरी, ई–रिक्शा, हस्तकला कार्य आदि के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य हो तथा परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम हो को 4 से 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा आवेदक पर बैंक अथवा किसी भी वित्तीय संस्था का अवधिपार ऋण बकाया नहीं होना चाहिए। ऋण की वसूली 20 त्रैमासिक किस्तों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जनाधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, टोकन नम्बर अंकित जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, 4 पेज वाला आय प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, बैंक पासबुक, अनुभव प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों सहित अपने निकटतम ई–मित्र पर अंतिम तिथि 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदक अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से भी अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### पेंशन के लिए आवेदन शिविर 21 अगस्त को

## श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों को मिलेगा लाभ

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता एव लोक कलाकार के द्वारा पेंशन के लिए 21 अगस्त, 2025 को चूरू नगरपरिषद सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक भंवरलाल जल ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई–मित्र केंद्र से अथवा नगर परिषद, सभागार, चूरू में 21 अगस्त, 2025 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को सबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। यह दस्तावेज होंगे जरूरी उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो।

## अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने के प्रतिबंध को किया प्रत्याहरित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाशों एवं मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया था। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि लगाए गए प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से प्रत्याहरित किया गया है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या आर. जे. 14 यू. बी. 8947, जो स्वर्गीय श्री सुशील कुमार शर्मा पुत्र श्री मनोहर लाल, नि. ढाणी खातियान हरजन पूरा तह नीमकाथाना,जिला सीकर के नाम पंजिकृत है कि मृत्यु दिनांक 01–07–2024 को होने के कारण अपनी पत्नी कोशल्या देवी ने वाहन को अपने नाम कराने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में इस कार्यालय में सूचित करें।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**सीकर (राज.)**

## ट्रैक्टर ने 14 साल के बच्चे को कुचला घर के पास दम तोड़ा ड्राइवर ने कानों में लगा रखे थे इयरफोन

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर के कुचलने से 14 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा अपने घर से 200 मीटर दूर दुकान पर सामान लेने गया था। वापस लौटते समय ट्रैक्टर ने कुचल दिया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने अपने कानों में इयरफोन लगा रखे थे। अलवर शहर के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र में हादसे के बाद ड्राइवर भाग गया। क्लास में पढ़ता था मोनीश पुत्र मौसम खान गांव ठेंगी का बास साढोली में 7ह्लद्ध क्लास में पढ़ता था। उसके चचेरे भाई राहुल खान ने बताया– मोनीश रविवार देर शाम घर के सामने करीब 200 मीटर दूर दुकान पर कुछ सामान खरीदने गया था। दुकान से घर वापस आ रहा था। इस बीच तेज स्पीड में आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर उसके ऊपर से निकल गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने कानों में इयरफोन लगा रखा था। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर और उसका साथी ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गए। मृतक के पिता किसान है। उनके तीन बच्चे हैं।

# निष्क्रिय बैंक खातों के पुन सत्यापन एवं नए खाते खोलने के लिए आज शिविर लगेंगे

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत वर्तमान निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन करने एवं नए खाते खोलने के लिए 19 अगस्त को नारायणपुर (बांदीकुई), रीन्दली (महवा),बैजवाडी (नांगल राजावतान) एवं ब्राह्मण बैराड़ा (सिकंदरा) ग्राम पंचायत के अटल सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के जिला समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन के लिए 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक एक देशव्यापी अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत वर्तमान निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन करने एवं नए खाते खोलने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही] प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा जिनका क्रियान्वयन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 19 अगस्त को नारायणपुर(बांदीकुई), रीन्दली (महवा),बैजवाडी (नांगल राजावतान) एवं ब्राह्मण बैराड़ा (सिकंदरा) ग्राम पंचायत के अटल सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूको बैंक के कार्मिक तथा बैंक के बीसी उपस्थित रहेंगे। आमजन अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नायला**
**पं.स. जमवारामगढ़, जिला-जयपुर**

क्रमांकः- ग्रा.प/निविदा/2025-26 /957 दिनांक : 17-08-2025

**खुली निविदा सूचना 01/ 2025-26**

ग्राम पंचायत में स्वीकृत ओपन जिम निर्माण कार्यों (संकर्म) के लिये ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी लागत राशि 02.64 लाख रूपये है एवं जिसकी अंतिम तिथि 25.08.2025 को 01:00 pm तक है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी एवं DOWNLOAD की जा सकती है।

NIB :- ZJP2526A0812

UBN :- ZJP2526GSOB01387

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नायला

सरपंच
ग्राम पंचायत नायला

# जिला मुख्यालय के विरोध में कांग्रेस के 13 पार्षदों ने दिए इस्तीफे

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** आज सोमवार को कांग्रेस के पार्षदों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम पार्षद पद से इस्तीफा दिया। नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के विक्की चौधरी ने बताया कि खैरथल तिजारा के नामकरण और मुख्यालय को खैरथल से बाहर ले जाने के विरोध में नगर परिषद खैरथल के कांग्रेस पार्षद गण अपने पार्षद पद से इस्तीफा दे रहे हैं। इस्तीफा देने का मुख्य कारण यह भी है कि नगर परिषद खैरथल की बोर्ड गठन को लगभग 5 वर्ष पूर्ण होने को जा रहे हैं और बोर्ड बैठक सिर्फ एक ही हुई है। हमने लगभग 8 से 10 बार बोर्ड मीटिंग बुलाने हेतु ज्ञापन भी दिए। यदि सभापति द्वारा समय पर बोर्ड बैठक आयोजित की जाती तो खैरथल जिले के मुख्यालय हेतु भूमि आवंटन प्रक्रिया हो जाती और आज हमारे जिले का स्थाई मुख्यालय खैरथल में ही खुल जाता। इसीलिए खैरथल में जिला मुख्यालय स्थापित नहीं होने का कारण सिर्फ और सिर्फ और सिर्फ सभापति नगर परिषद खैरथल ही है। ऐसे नकारा बोर्ड में सदस्य रहना हमारे लिए शर्म की बात है। इसीलिए हम सभी पार्षद गण इस्तीफा दे रहे हैं। 14 पार्षदों में से एक पार्षद मेगा भारती की सरकारी नौकरी लगने के कारण वह पहले ही इस्तीफा दे चुकी है। आज सोमवार को 13 पार्षद परमेश्वरी देवी वार्ड नंबर 2 ,उदय सिंह यादव वार्ड नंबर 6 ,कृष्णा देवी वार्ड नंबर 17, मुशर्रफ खान वार्ड नंबर 19, पवन वासु वार्ड नंबर 7, करण सिंह जाट वार्ड नंबर 8 ,हेमराज मुलानी वार्ड नंबर 33 ,नारायण छंगाणी वार्ड नंबर 9, राहुल वार्ड नंबर 11, मनोज बुराडिया वार्ड नंबर 12 ,विसंबर दयाल वार्ड नंबर 3 से कांग्रेस पार्षद पद से इस्तीफा दिया।



# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का दौरा आज से

# प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, पुलिस, प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारियों से होगा संवाद

## अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं की करेगा समीक्षा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का 19-20 अगस्त को प्रदेश में अहम दौरा होगा। दो दिवसीय दौरे में आयोग राज्य सरकार, पुलिस के आला अधिकारियों के अलावा अनुसूचित जाति के सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों, अनुसूचित जाति के कल्याण से जुड़ी गैर स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ चर्चा करेगा।

सामाजिक न्याय विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार आयोग 19 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत की उपस्थिति में अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक उत्थान की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित केंद्रीय योजनाओं, केंद्रीय प्रवर्तित योजनाओं, आवास, भूमि आवंटन, रोजगार सृजन, छात्रवृत्ति एवं अन्य संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेगा।

इसके बाद दोपहर 2 बजे संविधान में अनुसूचित जाति वर्ग हेतु प्रदत्त सेवा क्षेत्र के लिए सुरक्षात्मक उपाय की समीक्षा करेगा। शाम 6 बजे बाद आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिनिधियों से कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में मिलकर चर्चा भी होगी। मोदी ने बताया कि इसी तरह 20 अगस्त को प्रातः 10 बजे से पुलिस महानिदेशक एवं अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के उत्पीडन की रोकथाम हेतु लागू एट्रोसिटी एक्ट के तहत पीड़ितों को जारी राहत राशि के संबंध में, हाथ से मैला उठाने वाले कार्मिकों के नियोजन एवं पुनर्वास नियम एवं नमस्ते इंडिया योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेगा। 3 बजे बाद आयोग जामडोली कैंपस में बने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए बने छात्रावासों का भी निरीक्षण करेगा।

निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना, सदस्यगण वड्डेपल्ली रामचंदर और लवकुश कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग की मंशा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना और उनकी समीक्षा करना है। गौरतलब है कि अनुसूचित जातियों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष 1979-80 में विशिष्टः संघटक योजना प्रारम्भ की गई, जिसका नाम बदलकर वर्ष 2006-07 में अनुसूचित जाति उपयोजना कर दिया गया है। आयोजना विभाग द्वारा संबंधित विभागों को राज्य योजना मद में से अनुसूचित जाति की जनसंख्या (17.83 प्रतिशत) के अनुपात में बजट आवंटित किया जाता है।

## ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने पिकअप ड्राइवर की कॉलर पकड़ी

**कोटा।** कोटा में चालान काटने के दौरान पिकअप ड्राइवर व ट्रैफिक कॉन्स्टेबल में बहस हो गई। गुस्से में ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने पिकअप ड्राइवर की कॉलर पकड़ ली। पिकअप में मौजूद अन्य युवक ने घटना का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। ट्रैफिक डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि मिस बिहेव करने पर ट्रैफिक कॉन्स्टेबल कैलाश चौधरी को सस्पेंड कर दिया है। घटना 15 अगस्त दोपहर साढ़े 4 बजे के आसपास 80 फीट रोड़ की है। सिटी एसपी चौराहे से एक पिकअप 80 फीट रोड़ की तरफ आ रही थी। इसे ट्रैफिक कॉन्स्टेबल कैलाश चौधरी ने रुकवाया। तीन सवारी बैठे होने व तेज रफ्तार का चालान काटने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसका वीडियो रविवार को सामने आया। इसके बाद सिटी एसपी ने ट्रैफिक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया। इसके बाद कॉन्स्टेबल अपना हेलमेट पिकअप के स्टेयरिंग पर रख दिया। इसे पिकअप ड्राइवर उठाकर वापस कॉन्स्टेबल को दे दिया।



## बाबा रामदेव बोले-मुसलमान मजदूरी का 6 प्रतिशत हिस्सा दान करता है

**सीकर।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा- मुसलमान अब टेक्निकल काम करने लग गए हैं। मुसलमान की मजदूरी अब 500 से 1 हजार रुपए हो गई है। एक सौ और एक हजार रुपए कमाने वाला हर मुसलमान उस मजदूरी से 6 प्रतिशत हिस्सा पहले ही निकाल लेता है। वह कहता है कि इस पर मेरा अधिकार नहीं है। वह मदरसे-मस्जिद में जकात देता है। बाबा रामदेव ने कहा- और हम लोग 1 प्रतिशत काटने पर भी कहते हैं महाराज हम तो पहले ही गरीब हैं। उन्होंने कहा- जो दान नहीं देते हैं वो गरीब के गरीब ही रहेंगे, शास्त्र में लिखा है। जो अमीर दान नहीं करते हैं वो गरीब होने वाले हैं। बाबा रामदेव ने सीकर के रैवासा धाम में चल रहे 9 दिवसीय सियपिय मिलन महोत्सव में ये बात कही। मां एक-दो रुपए मंदिर में दान देने के लिए देती थी रामदेव ने कहा- मैंने बचपन में 500 रुपए के कभी दर्शन नहीं किए। हमें टॉफी खाने के लिए 10 पैसे मिला करते थे। दीपावली के त्योहार पर मां 2 रुपए दिया करती थी, जिससे मुर्गा छाप पटाखे लाकर फोड़ते थे। हम 2 रुपए में ही दीवाली मना लेते थे, लेकिन मंदिर में दान देने के लिए मेरी मां मुझे एक-दो रुपए देकर भेजती थी।

## ब्यूरोक्रेट्स सरकार चला रहे है-बेनीवाल

**बाड़मेर।** सांसद हनुमान ने सीएम भजनलाल शर्मा को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा- ब्यूरोक्रेट्स सरकार चला रहे है। उनको खुद को पता नहीं है मुख्यमंत्री शिप कैसे चल रही है। भजनलाल के बारे में जितना कम कहूं उतना ही कम है। पूरा राजस्थान जान चुका है। भजनलाल जी थोड़े दिनों के मेहमान है। दरअसल, सांसद बेनीवाल रविवार को जोजरी बचाओ अभियान में शामिल होने बालोतरा के डोली गांव पहुंचे थे। यहां मीडिया से बातचीत में वे बोले-सीएम भजनलाल का रिमोट कंट्रोल दिल्ली में हैं। कभी संघ कार्यालय कभी अलग-अलग जगह जा रहे हैं।

## 5 दिन में पिता-पुत्र की मौत

### पत्नी और दो बेटों सहित 4 की हालत गंभीर

**सिरोही।** सिरोही में 5 दिन में अज्ञात बीमारी से पिता-पुत्र की मौत हो गई। उन्हें बुखार और दस्त (लूज मोशन) जैसी शिकायत थी। परिवार के तीन सदस्यों समेत 4 लोगों को बुखार जैसे लक्षण दिखने पर गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मामला पिंडवाड़ा तहसील के वालोरिया गांव का है। पिता-पुत्र की मौत की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। 50 लोगों के सैंपल लेकर जोधपुर लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं।

परिवार के 3 मेंबर समेत चार को हॉस्पिटल में कराया भर्ती सीएमएचओ डॉक्टर दिनेश खराड़ी ने बताया- 12 अगस्त को अंगरेसा राम (42) की मौत हुई थी। इसके बाद 17 अगस्त को उनके बेटे कालिया राम (15) की भी मौत हो गई।अज्ञात बीमारी की जांच करने के लिए ब्लॉक सीएमओ डॉक्टर भूपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम वालोरिया गांव पहुंची। टीम ने मौके पर बीमार लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

अंगरेसा राम की पत्नी को खून की कमी के कारण सिरोही जिला हॉस्पिटल रेफर किया है। अंगरेसा राम के दो बेटों और गांव के एक बच्चे को भी बुखार के कारण जिला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है।वहीं, अंगरेसा राम के दो बच्चे स्वस्थ हैं। गांव के बच्चों सहित करीब 50 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए जोधपुर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जानकारी के अनुसार, पिता-पुत्र को 2 दिन बुखार और दस्त की शिकायत रही। तीसरे दिन उनकी मौत हो गई। अंगरेसा राम खेती करते थे।

## केंद्र सरकार ने लाइव स्टॉक हेल्थ डिजीज कंट्रोल के लिए 411 लाख रुपए किए रिलीज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार की केंद्रीय प्रवर्तित योजना-राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग को लाइवस्टॉक हेल्थ डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के लिए 411.03 लाख रुपए की राषि केंद्र सरकार ने रिलीज कर दी है। इस संबंध में राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विगत दिनों नई दिल्ली में केंद्रीय पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उक्त राशि रिलीज करने के संबंध में डीओ लेटर सौंपा था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह के आदेश पर यह राशि जारी की गई है। पशुपालन मंत्री कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजस्थान में खुरपका-मुंहपका रोग, ब्रुसेला रोग, पीपीआर रोग उन्मूलन कार्यक्रम व क्लासिकल स्वाइन फीवर रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष-2025-26 के लिए अब तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी, गत दिनों केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर उन्हें यह राशि जारी करने का अनुरोध किया था, जिस पर केंद्र सरकार ने यह राशि गुरुवार को रिलीज कर दी है।

**अनुदान के 4 करोड़ 8 लाख 20 हजार 500 रुपए भी हुए रिलीज**

इसी तरह राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-ईडीपी) के अंतर्गत राजस्थान के लिए भारत सरकार ने 4 करोड़ 8 लाख 20 हजार 500 रुपए की अनुदान राशि भी रिलीज की है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि बकरी फार्म के 37 मामलों के लिए तीन करोड़ रुपए, भेड़ फार्म के पांच मामलों के लिए 85 लाख रुपए, फीड एंड फोडर डवलपमेंट के एक मामले में अनुदान राशि के लिए कुल 23 लाख 20 हजार 500 रुपए की अनुदान राशि रिलीज की गई है।

## उदयपुर में बच्चे को 3 कुत्तों ने घेरकर नोचा

**उदयपुर।** उदयपुर में 5 साल के मासूम पर कुत्तों ने घेरकर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिरा दिया और घसीटते रहे। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां वहां पहुंची। महिला ने कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया। घटना रविवार शाम की न्यू आरटीओ रोड स्थित गौतम विहार कॉलोनी की है। इसका सीसीटीवी सोमवार को सामने आया। यहां रहने वाले दिनेश साहू के बेटे गौरांश पर किड्स स्कूटर चलाते समय कुत्तों ने हमला किया था। कुत्ते ने बच्चे के पेट-पैर पर काट लिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां प्रीति बाहर आई । परिजन बच्चे को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने एनिमल एंड संस्था को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। 2 महीने पहले भी बच्चे को घायल किया था, एक बच्ची की मौत हो चुकी 2 महीने पहले भी शहर की कॉलोनी में 8 साल के मासूम बच्चे पर कुत्तों का झुंड टूट पड़ा था।

## दादा ने पोती की हत्या कर बक्से में छुपाई लाश, 2 दिन तक परिजनों को दिलासा देता रहा आरोपी

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में रिश्ते में दादा ने 9 साल की पोती की हत्या कर दी और शव को घर में रखे बक्से में छुपा दिया। आरोपी ने गला घोंटकर बच्ची की हत्या की है। उसके साथ दरिंदगी की आशंका भी जताई जा रही है। बच्ची 2 दिन से लापता था। आरोपी 2 दिन से परिजनों को दिलासा दे रहा था। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस बच्ची को ढूंढते हुए आरोपी के मकान के पास पहुंची तो ताला लगा देखकर शक हुआ।पुलिस ने रविवार शाम को आरोपी को डिटेन कर पूछताछ की तो शराब के नशे में गुमराह करता रहा। सोमवार सुबह उसे दोबारा पूछताछ की तो उसने वारदात कबूल कर ली। मामला टाउन थाना इलाके का है। शनिवार रात से तलाश में लगी थी पुलिस एसपी हरी शंकर ने बताया- बच्ची के पिता ने शनिवार रात को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी शाम करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाले मामा के घर गई थी। मामा के घर पर नहीं होने पर वापस आ रही थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। पुलिस शनिवार रात से ही बच्ची की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आसपास के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के पास भी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन बच्ची के बारे में कोई जानकारी नहीं मिला। घर पर ताला लगा देखा तो शक हुआ एसपी ने बताया- पुलिस टीम रविवार को शाम 5 बजे बच्ची की तलाश करते हुए आरोपी के मकान के पास पहुंची तो वहां ताला लगा देखकर शक हुआ। पूछताछ की तो सामने आया कि वह बच्ची के पिता का मामा का घर है।एसपी ने बताया- रात करीब 12.30 बजे डीएसटी टीम ने 26 साल के आरोपी को बच्ची के घर से डिटेन किया। तब वो पूरी तरह शराब के नशे में धुत था। पुलिस की कार्रवाई का बच्ची के परिवार वालों ने विरोध किया, क्योंकि उनको नहीं पता था कि कातिल खुद उनके साथ रह रहा है।

आरोपी के घर में बक्से में मिला बच्ची का शव एसपी हरी शंकर ने बताया- आरोपी रातभर पुलिस को गुमराह करता रहा। सोमवार सुबह आरोपी से दोबारा पूछताछ की गई तो उसने वारदात कबूल कर ली। आरोपी ने जो बात बताई उसे सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई।

## चुन्नी हटाई तो फरार हिस्ट्रीशीटर निकला

## सरपंच-बिजनेसमैन को पीटने वाला लड़की बनकर नदी किनारे बैठा था

**झुंझुनूं।** 15 जुलाई और सरपंच और कॉलेज संचालक से मारपीट के मामले पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस से बचने के लिए बदमाश लड़की बनकर घूम रहा था। जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो बदमाश लेगिंग, कुर्ती और चुन्नी लगाए हुए था। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की तो नदी के किनारे एक लड़की बैठी नजर आई ऐसे में, पुलिस एकबारगी चौंक गई। लेकिन जब चुन्नी हटाई तो बदमाश ही निकला। आरोपी पुलिस की टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था। साथ ही, पुलिस ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था। मामला सूरजगढ़ थाना इलाके का है। आरोपी को पुलिस ने सूरजगढ़ थाना इलाके के तोला सेही की काटली नदी से पकड़ा है। झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया- ककोड़ा सरपंच संदीप हैला और निजी कॉलेज संचालक देवी सिंह ओला पर जानलेवा हमला करने के मामले में सोमवार को रोहित उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पहले ही 8 बदमाश पकड़े जा चुके हैं। इसमें राहुल उर्फ बाबा, सेर सिंह उर्फ भुणिया, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार, अरुण, रवि कुमार, अर्पित और जलेसिंह शामिल हैं।



**5 गाड़ियों में आए थे बदमाशः** 15 जुलाई मंगलवार शाम 6:30 बजे ककोड़ा सरपंच संदीप हैला अपने दोस्त निजी कॉलेज संचालक देवी सिंह ओला के साथ चिड़ावा रोड से सूरजगढ़ लौट रहे थे। बरासिया कॉलेज के पास अचानक कैंपर, पिकअप और बोलेरो में पांच गाड़ियों में बदमाश आए।

2. रेंज आईजी ने एसएचओ को सस्पेंड कर दिया था- सरपंच की कार को आगे-पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद हमलावरों ने लाठी-डंडों और सरियों से कार पर हमला कर दिया। सरपंच संदीप किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। लेकिन, गाड़ी में मौजूद देवी सिंह ओला को बेरहमी से पीटा गया।

## मुंबई-भीलवाड़ा में अकाउंटेंट पिता पुत्र के ठिकानों पर एक साथ रेड

### पूछताछ कर रही आयकर विभाग की टीमें

**भीलवाड़ा।** पॉलिटिकल पार्टी बनाकर राजनीतिक चंदा लेने और बोगस ट्रांजैक्शन के मामले में आयकर विभाग ने पिता-पुत्र के ठिकानों पर रेड दी है। टीम पहले बेटे आशीष बाकलीवाल के मुंबई स्थित ऑफिस पर पहुंची थी। ठीक इसी समय जयपुर और दिल्ली से आई टीमें भीलवाड़ा के अकाउंटेंट आशीष के पिता कन्हैयालाल बाकलीवाल (50) के घर 1 बजे पहुंची। यहां आयकर की टीमें डॉक्युमेंट्स खंगाल रहीं हैं। साथ ही, अकाउंटेंट कन्हैयालाल से पूछताछ भी कर रही है। भीलवाड़ा में पिछले 35 दिनों में आईटी ने पॉलिटिकल पार्टी को चंदा देकर बोगस ट्रांजैक्शन कराने के मामले में 5वीं रेड की है।

**14 जुलाई से जारी है कार्रवाई** 14 जुलाई को देशभर में करीब 150 ठिकानों पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के निर्देश पर आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की थी। इसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कार्रवाई की गई, जो अब तक जारी है। पॉलिटिकल पार्टी बनाकर राजनीतिक चंदा लेने और बोगस ट्रांजैक्शन के मामले में आयकर विभाग 14 जुलाई से लेकर अब तक 5 ठिकानों पर भीलवाड़ा में रेड दे चुकी है। इसमें 2 अकाउंटेंट, 1 पॉलिटिकल पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष और 2 पदाधिकारी शामिल हैं। सोमवार को आयकर विभाग की यह पांचवीं कार्रवाई है।

**भीलवाड़ा और मुंबई में एक साथ रेड** जानकारी के अनुसार, प्रताप नगर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाले अकाउंटेंट और और टैक्स सॉल्यूशन प्रोवाइडर कन्हैया लाल बाकलीवाल के मकान पर दिल्ली-जयपुर से आईटी की टीम पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया।

ठीक इसी समय एक और आईटी की टीम ने मुंबई में कन्हैया लाल के रिश्तेदार आशीष बाकलीवाल के यहां भी रेड डाली थी। टीम को अंदेशा है कि बोगस ट्रांजैक्शन के मामले में यहां से करोड़ों का खुलासा हो सकता है।

कन्हैया लाल का भीलवाड़ा के राजेंद्र मार्ग रोड पर महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में ऑफिस है जो फिलहाल बंद है। टीम ने यहां कई डॉक्यूमेंट चेक किए हैं और बाकलीवाल से विस्तार में पूछताछ की जा रही है।

### डोटासरा ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए

## चुनाव आयोग बीजेपी का एजेंट बन गया-डोटासरा

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी का एजेंट बन गया है। चुनाव आयोग संविधान द्वारा स्थापित एक संस्था है, जिसका मुख्य कार्य निष्पक्ष चुनाव कराना है। बीजेपी चुनाव आयोग की प्रवक्ता बनी हुई है। चुनाव आयोग बीजेपी का एजेंट बना हुआ है। अगर ऐसे चलेगा तो लोकतंत्र कैसे रहेगा। संविधान की रक्षा कौन करेगा। डोटासरा ने जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- ईसी हमारे हिंदुस्तान के संविधान से बनी हुई बॉडी है। जो निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने का काम होता है। सही वोटर लिस्ट के साथ ईमानदारी के साथ चुनाव करवाए। यह उनकी ड्यूटी में आता है। वह अपनी ड्यूटी पूरी नहीं कर रहे हैं। इसलिए वह पूरी तरीके से एक्सपोज हो चुके हैं। उन्होंने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा- वोटों की चोरी का मामला सामने आया है। जब भाजपा नेता अनुराग ठाकुर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं तो उनसे कोई सवाल नहीं किया जाता। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की वह शपथ पत्र दें कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।



**राजस्थान में वोट चोरी के विरोध में बड़ी रैली का ऐलान** गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- वोट चोरी के विरोध में राजस्थान में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी।






## पांच दिवसीय ई-कॉन्टेंट निर्माण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को पांच दिवसीय ई-कॉन्टेंट निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाईट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़ ने नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में डिजिटल लिटरेंसी और ई-कॉन्टेंट निर्माण को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कहा कि डिजिटल टूल्स को शिक्षकों द्वारा अपनाया जाना बच्चों को सहभागी और रचनात्मक अधिगम की ओर ले जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईटी प्रभाग अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस कार्यशाला में निर्मित ई-कंटेंट राष्ट्रीय-स्तर के दीक्षा पोर्टल व राज्य स्तरीय प्लेटफार्म पर प्रकाशित होगा। राज्य संदर्भ व्यक्ति व प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा में तकनीक का समुचित उपयोग विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलों की जानकारी देगा। पांच दिवसीय इस कार्यशाला में ओईआर व लाइसेंसिंग, दीक्षा पोर्टल, साइबर सुरक्षा, ऑडियो-वीडियो एडिटिंग, एनीमेशन, वर्चुअल लैब, भुवन पोर्टल और एच फाईव पी पर आधारित इंटरैक्टिव कंटेंट जैसे विषयों पर संसाधन व्यक्ति शिक्षकों का मार्गदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कुसुम शेखावत, उमा सारस्वत व शिवकुमार शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किये। दशरथ नैण ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## अग्रवाल समाज की 51 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

# युवा समिति के पंकज, महिला समिति की मधु, जयंती समिति के धर्मेन्द्र बने संयोजक

**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार देर सांय सेठ मांगीलाल भडाके वाले अग्रवाल समाज भवन में समाज के संविधान व नियमावली के अनुरूप नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंत्री प्रमोद सिंघल, कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल, उपाध्यक्ष अंशु मित्तल व उपमंत्री सत्येन्द्र गुप्ता के सानिध्य में हुआ। समाज के मंत्री प्रमोद सिंघल व कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अग्रवाल समाज की द्विवार्षिक नवीन कार्यकारिणी का गठन कर प्रथम बैठक का आयोजन अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया और उपाध्यक्ष अंशु मित्तल ने अध्यक्ष के दिशानिर्देशन में नवीन कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणानुसार धर्मेन्द्र मित्तल को अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति, पंकज गर्ग को युवा समिति, मधु याशू मित्तल को महिला समिति, अनिल सिंघल को वरिष्ठ नागरिक समिति, मनीष मित्तल को शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति व चंद्रप्रकाश आर्य को चिकित्सा समिति का संयोजक एवं राजेश अग्रवाल को अंकेक्षण, रोहित सिंघल को संगठन मंत्री, मोहित गुप्ता को स्वागत मंत्री व रघुपत गुप्ता को कार्यालय व्यवस्थापक का दायित्व सौंपा गया एवं अरविंद बंसल, विजय अग्रवाल, बृजेश जिन्दल, नवीन मित्तल, राजेश गोयल, मुकेश सिंघल, योगेश अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, पवन अग्रवाल, नीरज गर्ग, प्रमोद बंसल, राजकुमार गर्ग, अशोक गोयल, प्रहलाद नैवारिया, हितेश गोयल, कृष्ण सिंघल, ताराचंद गोयल, राहुल जिन्दल, दिलीप मित्तल, रोहित जिन्दल, सौरभ मित्तल, नीरज सिंघल, सोनू सिंघल, जीतू गोयल, नरेश गर्ग, मोहन स्वरूप, सतीशचंद को कार्यकारिणी में शामिल करते हुए विभिन्न प्रभार सौंपे गए। साथ ही महिला समिति के लिए प्रीति गर्ग, सीमा गोयल, लता मित्तल, नीतू गोयल व कविता मित्तल एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में पूर्व अध्यक्ष सुभाषचंद सिंघल अरविंद मित्तल, पार्षद विवेक गर्ग, पार्षद मधु मदनमोहन गुप्ता, मीडिया संचालक शुभम गुप्ता व कपिल मित्तल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। समाज अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाकर नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और अंतिम निर्णय लिए गए।

## एक नजर

## रामनारायण विजय बने विष्व हिन्दू परिषद् प्रखण्ड अध्यक्ष

**कोटपूतली (हुक्मनामा समाचार)।** विष्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष डॉ. अष्विनी गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष डॉ. अष्विनी गोयल ने कहा कि यह संक्रमण काल हैं। अतः सभी कार्यकर्ताओं को अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा लगाकर समय का नियोजन कर क्षेत्र के प्रत्येक गाँव, नगर, बस्ती में सेवा, सत्संग, मिलन, बलोपासना केंद्र, संस्कार केंद्र, संत दर्शन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दु शक्ति जागृत करें। जिला मंत्री ने आगामी कार्यक्रमों की योजना बनवाई। उन्होंने कहा कि विष्व हिन्दू परिषद की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हुई थी। अतः स्थापना दिवस के कार्यक्रम अधिक से अधिक स्थानों पर संपन्न हों। बजरंग दल विभाग संयोजक सुरेंद्र कुमार ने विषय पर उद्बोधन के साथ मनाने हेतु कहा। अंतिम सत्र में विभाग धर्म जागरण संयोजक लक्ष्मण मीणा ने संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में विष्व हिन्दू परिषद के आगामी कार्यक्रमों में भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।

## नंदोत्सव का आयोजन गूगा मेड़ियो के पहुंचेंगे निशान एवं ज्योत

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** कल्याण धाम में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नंदोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 21 अगस्त 2025 को दोपहर 02:15 बजे से शुरू होगा,जिसमे महिला कीर्तन 02:15 बजे से शुरू होगा, महाआरती सायं 05:00 बजे की जाएगी और कल्याण धणी का दिव्य महाआप्रसाद 05:15 बजे से शुरू होगा। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि वाल्मीकि समाज एवं मेघवाल समाज सीकर की सभी गुगा मेडियो से गुगाजी महाराज की दिव्य ज्योत एवं निशान सायं 06:30 बजे कल्याण धाम पहुचेंगे।गुगाजी महाराज के निशान एवं ज्योत प्रत्येक वर्ष वाल्मीकि एवं मेघवाल समाज के सभी भक्त एक साथ मिलकर कल्याण धाम पहुंचते हैं।

## ट्रेनों में बढ़ रही चोरी की घटनाएं, डेमो में भी नहीं सुरक्षित

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।**ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे की ओर से तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा जीआरपी के जवान ट्रेनों में तैनात हैं। इसके बावजूद, चोर गिरोह घटनाओं को आसानी से अंजाम देने में सफल हो जा रहे हैं। जबकि, जीआरपी यात्रियों की सुरक्षा का दावा करती है।ट्रेनों में चोरी व अन्य घटनाओं को रोकने के लिए कई ट्रेनों के कोच को अब सीसीटीवी से लैस किया जा रहा है तो कई लैस भी हैं। इसके अलावा जीआरपी का दस्ता भी ट्रेनों में तैनात रहता है। इसके बाद भी चोर घटना को आसानी से अंजाम देने में कामयाब हो जा रहे हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए जीआरपी दस्ते को भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं, परंतु सीकर रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली ट्रेनों के कोचों की जांच करने के बाद जीआरपी के जवान पूरी ट्रेन में कहीं नजर आते। मौके का फायदा चोर उठा लेते हैं। इधर, रक्षा बंधन के बाद सीजन होने के कारण ट्रेनों में भीड़ है। ऐसे में कई यात्री पर्स रुपये और महिलाएं अपने साथ कीमती लेकर चल रहीं हैं। ऐसे में यात्री अपने सामान की सुरक्षा के लिए चौकन्ना रहते हैं, फिर भी चोर कामयाब हो जाते हैं। रविवार को शाम 7:15 पर जयपुर से चुरू चलने वाली डेमो में एम.एस.टी.धारक का पर्स आधार पेन कार्ड सहित एम.एस.टी.टिकिट भी पार हुई।

### वंतारा ने वन्यजीव चिकित्सा पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे देशभर के 54 पशु चिकित्सक**



**जामनगर (हुक्मनामा समाचार)।** अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र 'वंतारा' ने सोमवार को अपने जामनगर परिसर में 'इंट्रोडक्शन टू कनज़र्वेशन मेडिसिन' विषय पर पशु चिकित्सा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में सेंट्रल जू अथॉरिटी के सदस्य सचिव डॉ. वी. क्लेमेंट बेन, उत्तराखंड सरकार के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक दिग्विजय सिंह खाती, वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. प्रदीप के. मलिक और ग्रीन्स जूलॉजिकल बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के निदेशक डॉ. ब्रिज किशोर गुप्ता उपस्थित रहे।इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के चिड़ियाघरों और वन्यजीव देखभाल संस्थानों के 54 पशु चिकित्सक भाग लेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रतिभागी वंतारा के विशेषज्ञों एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों और प्रशिक्षण के माध्यम से वन्यजीव स्वास्थ्य प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, रोग निगरानी, निदान तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल की विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वंतारा के वाइल्डलाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, चीता संरक्षण केंद्र, हाथी देखभाल केंद्र एवं शाकाहारी पशु बचाव केंद्र में फील्ड अनुभव प्रदान किया जाएगा। %हीलिंग द वाइल्ड% पहल के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण दीर्घकालिक वन्यजीव संरक्षण को सशक्त बनाने की दिशा में कदम है। 20 अगस्त को सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की छात्राएं, एएनएम, आशाएं एवं डीबीसी की 33 टीमों ने घर-घर में जाकर की जांच

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** साबूआना में डेंगू के केसेज को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को भी घर-घर सर्वे का कार्य जारी रहा। जिला एवं ब्लॉक स्तर से अधिकारियों-कर्मचारियों ने लोगों के घरों में जाकर लार्वा की जांच की एवं मच्छर उत्पत्ति के बारे में लोगों को जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में साबूआना में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अखिलेश शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक नवाबदीन भाटी, एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की प्रिंसीपल राज औलख, एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र का स्टॉफ एवं बच्चियां, टिब्बी बीसीएमओ डॉ. रितिका, बीपीएम मनोहर सिंह, डॉक्टर्स, एएनएम, डीबीसी एवं आशाएं उपस्थित रहीं। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि साबूआना में चिकित्सा एवं विभाग की टीमों द्वारा निरंतर एंटीलॉर्वल एवं एंटीएडल्ट एक्टीविटी आयोजित की जा रही है। सोमवार सुबह 7.30 बजे एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की 62 बच्चियां एवं स्टॉफ को साबूआना में मौसमी बीमारियों के संबंध में जानकारी दी गई। चैकलिस्ट के अनुसार उन्हें सामग्री उपलब्ध करवाई गई। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अखिलेश शर्मा द्वारा उन्हें साबूआना में कार्यों को लेकर जानकारी देकर उन्हें बस द्वारा साबूआना भेजा गया। साबूआनामें आज 33 टीमों का गठन किया गया, जिसमें आशा, एएनएम, डीबीसी एवं एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की बच्चियां शामिल रहीं। टीमों द्वारा आज



775 घरों की जांच की गई, जिसमें 102 घरों में लार्वा पाया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने मौके पर ही लार्वा को नष्ट किया गया एवं घरों के रह रहे लोगों को मच्छरों उत्पत्ति एवं उन्हें नष्ट करने के बारे में जानकारी दी गई। लोगों ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर अपने-अपने घरों की साफ-सफाई की एवं मच्छर उत्पत्ति के स्थानों को चिन्हित किया। इस दौरान 4045 कंटेनरों की भी जांच की गई, सिमें से 137 कंटेनरों में लार्वा पाया गया। पाए गए लार्वा को भी मौके पर नष्ट किया गया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों 912 स्थानों पर टेमीफॉस एवं पानी भरे हुए 662 स्थानों पर एमएलओ डलवाया गया। घरों में जांच के दौरान 28 घरों में बुखार के मरीज मिले, जिन्हें दवाइयां देकर उपचार शुरु किया गया। इन बुखार के मरीजों की खून के सैम्पल भी मौके पर लिए गए। शाम को सभी स्वास्थ्यकर्मियों की मीटिंग ली गई एवं मंगलवार कार्य के लिए विशेष निर्देश दिए गए। इस दौरान सरपंच पति धर्मा, डेरा सच्चा सौदा के सेवादार, ग्रामीण एवं महिलाओं ने भी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर एंटीलॉर्वल एक्टीविटी में सहयोग प्रदान किया।

### शिवा मार्शल आर्ट्स अकादमी के 10 वर्षीय विहान जैन ने बनाया नया रिकॉर्ड - एक मिनट में 119 सर्वाधिक किक्स का कारनामा दर्ज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शिवा मार्शल आर्ट्स अकादमी के 10 वर्षीय प्रतिभाशाली छात्र विहान जैन ने आज अपनी मेहनत और लगन से नया इतिहास रच दिया। विहान ने एक मिनट में सर्वाधिक 119 किक्स लगाकर अद्भुत रिकॉर्ड बनाया है, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया। यह उपलब्धि एडजुडिकेटर संजय भोला धीर की मौजूदगी में प्रमाणित की गई। विहान जैन पिछले चार वर्षों से शिवा क्लब में ताइक्कांडो का अभ्यास कर रहे हैं। वे ताइक्कांडो में ब्लैक बेल्ट हैं और अब तक तीन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं।

## शिक्षक संघ शेखावत की दो दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की दो दिवसीय कार्यशाला शिक्षक भवन में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में जिला मंत्री वेदपाल मलिक ने कार्यशाला का एजेंडा सदन में रखा। पहले सत्र में हरियाणा अध्यापक संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वजीर सिंह ने पहचान की राजनीति विषय पर व्याख्यान दिया तथा बताया कि यह एक ऐसी राजनीतिक विचारधारा या दृष्टिकोण है, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, नस्लीय, धार्मिक, लैंगिक, या अन्य समूह-आधारित पहचानों को राजनीतिक गतिविधियों और नीतियों का आधार बनाया जाता है जो कि जनवादी संगठन के लक्ष्यों और उद्देश्यों के खिलाफ है। इस सत्र के अध्यक्ष मंडल में प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, प्रांतीय कमेटी के सदस्य गोपीचंद खीचड़ और कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़ थे। मध्याह्न के बाद शुरू हुए दूसरे सत्र में सांगठनिक विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने और जनहित में सामाजिक अभियानों की रूपरेखा तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

## वन विभाग ने ग्राम पंचायत को आवंटित की जमीन, विधायक देवीसिंह शेखावत का ग्रामीणों ने जताया आभार

**नारायणपुर (हुक्मनामा समाचार)।**उपखंड के ग्राम पंचायत मुंडावरा में कई वर्षों से चल रही श्मशान भूमि विवाद अब समाप्त हो गया है। वन विभाग ने ग्राम पंचायत मुंडावरा को श्मशान भूमि आवंटित कर दी गई है। बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत इस मामले को लेकर वन मंत्री सहित विधानसभा में कई बार मुद्दे को उठाया था जिसकी पहल रंग लाई और वन विभाग एवं ग्राम पंचायत के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने में महत्व भूमिका निभाई। श्मशान भूमि आवंटन होने के बाद ग्रामीणों ने



विधायक देवीसिंह शेखावत के ज्ञानपुरा आवास पर पहुंचकर माला पहनाकर एवं साफा बांधकर भव्य स्वागत कर धन्यवाद देकर आभार व्यक्त है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि जनहित के मुद्दों का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है, उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास और सामाजिक समरसता के लिए लगातार काम किया जाएगा। वही पीडब्ल्यूडी जेईएन व एईएन को इस श्मशान भूमि में दो गेट लगाने सहित निर्माण कार्य का एस्टीमेट तैयार करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

इस मौके पर बद्री प्रसाद सैनी, रोशन लाल सैनी, केप्टन बिरडी चन्द, जयसिंह भुराण, पांचूराम भुराण, दोलतराम जाट, मोती लाल जांगिड़, कैलाश सैनी, भरत लाल रैगर, सीताराम शर्मा, डा. पुरण चौधरी, रामनिवास जाट, महेश चंद सैनी, सहित आदि लोग मौजूद थे।

### एनसीसी एक्स कैडेट्स का भव्य मिलन समारोह संपन्न

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एनसीसी कॉम्प्लेक्स, गांधीनगर, जयपुर में एनसीसी एक्स कैडेट्स ग्रुप द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र राज ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन साथियों के एनसीसी के सुनहरे दिनों को याद करने और आपसी जुड़ाव को सशक्त बनाने का प्रयास है।कार्यक्रम में दिल्ली से गुरजीत सिंह, महाराष्ट्र से रेणु डागा, श्रीगंगानगर से जितेंद्र सिंह शेखावत, शिलांग से ज्योति शर्मा, जसवंतगढ़ से अंजनी कुमार सारस्वत और उदयपुर से शिखा शर्मा जयपुर से ग्रुप कैप्टन शिव सिंह धोलिया,मेजर राजेश शर्मा,चीफ ऑफिसर प्रवीण चंद झावर ,किया, जिनके सहयोग से एनसीसी कॉम्प्लेक्स में कार्यक्रम आयोजित हो सका।

## खाद्य विभाग के उपायुक्त ने गिव अप अभियान पर ली बैठक



**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।**पंचायत समिति सभागार में दोपहर 3 बजे गिव अप अभियान की प्रगति को लेकर सोमवार को संजय झालाजी उपायुक्त, खाद्य विभाग सचिवालय जयपुर और अमित शर्मा प्रवर्तन निरीक्षक टोडारायसिंह द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें उपखण्ड के सभी राशन डीलरों ने भाग लिया।

उपायुक्त झालाजी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र परिवारों को स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए नवंबर, 2024 से गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभाग ने उन्हें टोंक जिले में अभियान संचालन की जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों से समन्वय कर जरूरी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने दुकानदारों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्हें निर्देश दिए की अपात्र परिवारों को जागरूक करें। बैठक के दौरान परिवर्तन निरीक्षक अमित शर्मा भी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने बताया कि खाद्य विभाग ने परिवहन विभाग से चौपहियां वाहन मालिकों का डाटा और आयकर विभाग से आयकर दाताओं का डाटा लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह डाटा इस माह के अंत तक मिलने की संभावना है। इसके बाद अपात्र परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उनसे उठाया गया पूरा पैसा वसूला जाएगा।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक




**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय अवधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों द्वारा अभी तक किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा कर अधिकारियों को की गई प्रगति का अपडेट पोर्टल पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, सहायक अभियंता बिजली विभाग, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास सुरज्ञान, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्युत कटौती से आमजन त्रस्त, विभाग के अधिकारी मौन सुचना में भी लापरवाही

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी और उमस के इस दौर में अघोषित बिजली कटौती ने आम जनता की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। दिन में कई बार बिजली गुल होने से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी इस मामले में कोई जवाब देने को तैयार नहीं हैं। आलम यह है कि शिकायत के लिए फोन करने पर अधिकारी कॉल उठाना भी मुनासिब नहीं समझते, जिससे जनता में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ चिलचिलाती धूप और उमस है, दूसरी तरफ बार-बार हो रही बिजली कटौती %कोढ़ में खाज% का काम कर रही है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों में लगे कूलर-पंखे बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज़्यादा दिक्कत हो रही है। व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि कटौती के चलते उनका काम ठप हो रहा है।वहीं विभाग की कार्यप्रणाली में लापरवाही का एक और उदाहरण तब सामने आया जब एक उपभोक्ता ने बताया कि दोपहर 2:10 बजे बिजली काट दी गई, लेकिन कटौती की सूचना उन्हें लगभग 40 मिनट बाद, 2:50 बजे दी गई, जिसमें कहा गया कि दो घंटे की कटौती होगी। यह साफ दर्शाता है कि विभाग न केवल कटौती कर रहा है, बल्कि समय पर सूचना देने में भी लापरवाही बरत रहा है।

इस पूरे मामले पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेने की ज़रूरत है, ताकि जनता को इस भीषण परेशानी से राहत मिल सके।

# सरकारी स्कूलों में अब 30 अगस्त तक ले सकेंगे एडमिशन,शिक्षा विभाग ने जिले भर में लगाए 21 लाख पौधे , जियो टैग मात्र 7 लाख का ही किया



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अध्यक्ष रमेश देव की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि, उद्यान, रसद समेत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम सिटी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से आमजन अधिक से अधिक लाभान्वित हो, इसी मंशा के साथ विभागीय अधिकारी कार्य करें। सरकारी स्कूलों में अब 30 अगस्त तक ले सकेंगे एडमिशन शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सीडीईओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि सरकारी स्कूलों में प्रवेश का समय 18 अगस्त से बढ़ाकर 30 अगस्त कर दिया गया है। अब 30 अगस्त तक सरकारी स्कूलों में एडमिशन लिया जा सकेगा। वहीं पहली से आठवीं कक्षा तक एडमिशन सत्र पर्यंत लिया जा सकेगा। साथ ही बताया कि पिछले साल के नामांकन 2 लाख 55 हजार 637 के मुकाबले इस साल जिला 2 लाख 51 हजार 225 किया जा चुका है। जो 4 हजार 412 नामांकन पीछे है। इसे 30 अगस्त तक हासिल कर लिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने जिले भर में लगाए 21 लाख पौधे लगाए, जियो टैग 7 लाख का ही किया सीडीईओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत जिले भर में शिक्षा विभाग की ओर से कुल 21 लाख 15 हजार 176 पौधे लगाए जा चुके हैं। लेकिन जियो टैग अब तक 07 लाख 13 हजार 854 का ही किया गया है। एडीएम सिटी ने सभी सीबीईओ को आगामी सत दिन में वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए। खेत में सोलर पंप संयंत्र लगाने पर मिलेगी 60 फीसदी सब्सिडी बैठक में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान मुकेश गहलोत ने बताया कि विभाग को पीएम कुसुम योजना अंतर्गत किसानों के खेत में 3500 सोलर पंप संयंत्र लगाने का टार्गेट दिया गया है। जिसके विरूद्ध 722 प्रशासनिक स्वीकृति जारी की चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत किसान अपने खेत में 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी का सोलर पंप संयंत्र लगाने हेतु आवेदन कर सकता है। उसे 60 फीसदी अनुदान सरकार द्वारा दिया जाएगा। किसान के पास न्यूनतम 0,4 हैक्टेयर भूमि होनी चाहिए। एससी, एसटी के किसानों को 45 हजार रू अतिरिक्त अनुदान देय है। गहलोत ने बताया कि 3 एचपी का संयंत्र लगाने पर किसान को 1 लाख, 5 एचपी का संयंत्र लगाने पर 1.25 लाख और 07 एचपी संयंत्र लगाने पर 1.45 लाख रूपए ही देने होंगे। बाकी खर्च अनुदान के रूप प्राप्त होगा। उन्होने बताया कि कोई भी किसान राजकिसान ऐप के जरिए उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं। आयुष्मान आरोग्य सेंटर कीतासर और दुसारणा बड़ा में घटिया निर्माण की शिकायत बैठक में आयुर्वेद विभाग की समीक्षा के दौरान डॉ संजय कुमार बुडानिया ने बताया कि डूंगरगढ़ तहसील के कीतासर और दुसारणा बड़ा में आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में घटिया निर्माण की शिकायत मिली है। साथ ही बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत नोखा तहसील में गजरूपदेसर में बनने वाले आयुष्मान आरोग्य सेंटर का कार्य भी अभी शुरू नहीं हुआ है।

## आजाद: हिट सॉंग्स ऑफ़ शब्बीर कुमार 22 अगस्त को

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** कोहिनूर कला केंद्र की तरफ से हिंदी फिल्मों के मशहूर गायक कलाकार शब्बीर कुमार द्वारा गाए गीतों पर केंद्रित कार्यक्रम %हिट सोंग्स ऑफ शब्बीर कुमार% का आयोजन आगामी 22 अगस्त, 2025 शुक्रवार को सांय 6·30 बजे स्थानीय महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम, जुबिली नागरी भण्डार,स्टेशन रोड में किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक नौशाद अली और आयोजक अनवर अली ने बताया कि इस संगीतमय संध्या में बीकानेर एवं डूंगरगढ़ के गायक एवं गायिका शब्बीर कुमार द्वारा गाए गीत पेश करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉयन अल्का डॉली पाठक करेंगी। मुख्य अतिथि पूर्व यूआईटी चेयरमैन हाजी मक़सूद अहमद होंगे। मेहमाने खास वरिष्ठ कवि कथाकार कमल रंगा गंगा एवं फिल्म निर्माता पूनम मोदी होंगे।

## बार एसोसिएशन बीकानेर ने हाइकोर्ट बैंच सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** कोल्हापुर में 18 अगस्त से हाईकोर्ट बैंच स्थापित होने के साथ ही बार एसोसिएशन, बीकानेर द्वारा कोल्हापुर की तर्ज पर बीकानेर संभाग मुख्यालय पर हाइकोर्ट की बैंच स्थापित करने हेतु सोमवार को अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालयों में पैरवी स्थगित रखी जाकर प्रोटेस्ट डे मनाया गया। बार एसोसिएशन बीकानेर के मीडिया सचिव अनिल सोनी एडवोकेट ने बताया कि बार एसोसिएशन, बीकानेर के अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में बार एसोसिएशन, बीकानेर द्वारा राष्ट्रपति,मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं माननीय विधि मंत्री भारत सरकार को जरिये जिला कलेक्टर, बीकानेर के मार्फत 188 वाँ ज्ञापन प्रेषित किया गया। अध्यक्ष विवेक शर्मा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि बीकानेर के वकील पिछले 16 वर्षों से लगातार हाइकोर्ट बैंच स्थापित करने की मांग करते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी याई चंद्रचूड़ एवं विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा बीकानेर में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने की घोषणा की गई थी लेकिन बावजूद इसके आज दिनांक तक बीकानेर को हाईकोर्ट बैंच से वंचित रखा जा रहा है जबकि कोल्हापुर में आज ही के दिन महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाईकोर्ट बेंच स्थापित की जा रही है जिसके अनुपालन में ही बीकानेर संभाग के वकीलों कि प्रमुख मांग है कि जल्द से जल्द बीकानेर में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित हो। इसके साथ ही बार एसोसिशन, बीकानेर द्वारा पुलिस अधीक्षक बीकानेर को भी एक ज्ञापन मोटर वाहन दुर्घटना प्रकरणों में पुलिस द्वारा देरी से पेश किये जाने वाले चालान के संबंध में प्रस्तुत किया गया।

# एनआरसीसी में दुधारू ऊँटनियों के प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर में 'दुधारू ऊँटों का प्रबंधन और ऊँट डेयरी में उद्यमिता विकास' विषयक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (18-22 अगस्त) का शुभारंभ सोमवार को हुआ। केंद्र में चल रही पशु अनुवांशिक संसाधनों पर नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण में झालावाड़, बारां, अलवर और भरतपुर जिलों के 10 ऊँट पालक भाग ले रहे हैं।

इसमें दुधारू ऊँटों के प्रबंधन एवं डेयरी आधारित उद्यमिता विकास के विभि-?न पहलुओं जैसे, प्रजनन एवं चयन पद्धति, आंकड़ा, उष्?ट्र स्?वास्?थ्?य, चारागाह प्रबंधन के अलावा दूध का प्रसंस्?करण एवं विपणन तथा दुग्?ध उत्?पादों का निर्माण एवं उद्यमिता विकास योजनाओं की जानकारी विषय-विशेषज्ञों के माध्?यम से प्रदान की जाएगी। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुख्य अतिथि रमेश कुमार ताम्बिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने ऊँट पालकों के समक्ष नाबार्ड की योजनाओं का उल्लेख करते हुए एफपीओ और संयुक्त देयता समूह जैसे संगठन बनाने पर बल दिया, जिससे ऊँट उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर उन्हें बाजार तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने एनआरसीसी द्वारा पिछले लगभग दो दशक से सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे उष्ट्र दुग्ध पार्लर तथा इनमें बिक्री हेतु रखे जाने वाले स्?वादिष्?ट दुग्?ध उत्?पादों की बढ़ती मांग का उल्लेख किया। ताम्बिया ने अपने व्याख्यान में उष्ट्र दुग्ध उद्यमिता में नाबार्ड के विभि-?न योजनाओं संबंधी विस्?तृत जानकारी देते हुए ऊँटपालकों को इन योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने कहा कि किसानों और वैज्ञानिकों के बीच पाँच दिन चलने वाला यह संवाद अत्यंत उपयोगी होगा, इसलिए किसान भाई प्रशिक्षण में खुलकर अपनी जिज्ञासाएँ साझा करें।

## न्युवोको के निम्बोल सीमेंट प्लांट ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने निम्बोल सीमेंट प्लांट में आयोजित एक छात्र सम्मान कार्यक्रम के दौरान आठ सरकारी स्कूलों के 22 टॉप-परफॉर्मिंग छात्रों को सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित इस पहल का उद्देश्य अपने परिचालन क्षेत्र के युवा छात्रों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचानना और प्रोत्साहित करना था। पवन रॉयल, प्लांट हेड, निम्बोल सीमेंट प्लांट के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में प्लांट संचालन के आसपास के क्षेत्रों के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने स्कूलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया था।

# नारी न्याय सम्मेलन आयोजित किया गया



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** को रवीन्द्र रंगमच में आयोजित नारी न्याय सम्मेलन और बीकानेर देहात महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शांति बेनीवाल के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाए दी कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सारिका , नोखा विधायक बड़ी बहन सुशीला रामेश्वर डूडी , बीकानेर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशिकला राठौड़ और तमाम महिला कांग्रेस की पदाधिकारी से मुलाकात कर महिलाओं को आगे बढ़ाने और बढ़ने के लिए प्रोत्साहन किया । इस बीच महिला शहर जिला अध्यक्ष शशिकला राठौड़ के नेतृत्व में बहुत सी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष श शशिकला राठौड़ ने महिला प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह को राजस्थानी परंपरा के अनुसार सफा पहनकर और मां करणी की तलवार भेंट की। इस मौके पर मुमताज़ शेख ने महिला कार्यकारिणी की पूरी टीम के साथ मती सारिका सिंह को माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस पर शिवजी चौधरी पूर्व पार्षद, राज भटनागर ,मुन्नी देवी ,राव राठौड़, प्रेमलता राठौर ,मंजू गोस्वामी ,सीता रामावत, लक्ष्मी गुप्ता ,मधु ,अकीला, रोशन बानो ,सुनीता भाटी ,सरोज कंवर ,अफसाना पठान आदि उपस्थित रहे।

## कपिल सरोवर में 8 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को कोलायत थाना क्षेत्र के कपिल सरोवर में एक 8 वर्षीय बच्चे की पानी में डूबने से मौत का मामला सामने आया है। कोलायत थाना अधिकारी लखवीर सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि रविवार देर रात से एक बच्चा अपने परिजनों से गायब हो गया था जिसे ढूंढने के पूरे प्रयास पुलिस ने शुरू किए। उसके बाद संदेह के आधार पर कपिल सरोवर में भी बच्चे को ढूंढने की कोशिश एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों ने की ।

## राष्ट्रीय निगमों के ऋण आवेदन के लिए जागरूकता शिविर आयोजित



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ के सहयोग और संयुक्त तत्वावधान् में अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, अन्य पिछडा वर्ग, द्विव्यांगजन वर्ग के आशार्थियों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं में ऋण देने हेतु आवेदन पत्र वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए जागरूकता एवं एकमुश्त सामाधान योजना के शिविर सोमवार को बीकानेर राजपूत प्रांतीय सभा भवन प्रात: 10 से सांय 5 बजे तक आयोजित हुआ। जागरूकता शिविर में राष्ट्रीय निगम योजना के तहत 101 रजिस्ट्रेशन किए गए। जागरूकता शिविर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन शिविर स्थल पर नि:शुल्क ही भरवाये गये, साथ ही जिन ऋाणियों के द्वारा पूर्व में लिया गया ऋण चुकता कर दिया गया है।

## पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर किसानों का विशाल धरना

# किसान हितों के पक्ष में भाटी ने भरी हुंकार, प्रशासन को चेताया,संभागीय आयुक्त कार्यालय तक किया पैदल मार्च सौंपा ज्ञापन




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी के नेतृत्व में सोमवार को उनके विधानसभा क्षेत्र कोलायत के किसानों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। भाटी ने धरना स्थल पर अपने सम्बोधन में क्षेत्र के किसानों की पीड़ा को प्रशासन के समक्ष रखते हुए कहा कि क्षेत्र का अन्नदाता किसान रो रहा है, लम्बे समय से प्रशासन से गुहार लगा रहा है कि इ.गा.न.प. क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में 4 समूह में से 2 समूह में पानी दिया जाए जिससे किसानों की 8.5 दिन बाद पानी की बारी आ सके अन्यथा फसल खराब हो जायेगी किसान बर्बाद हो जायेगा। भाटी ने कहा इस बार इन्द्रदेव की मेहरबानी से पोंग डैम समय से पूर्व ही लबालब हो चुका है, किन्तु वहाँ से पानी इ.गा.न.प. क्षेत्र के किसानों को सिंचाई हेतु न देकर व्यर्थ बहाया जा रहा है। इसी प्रकार हरिके बैराज से 25 हजार क्यूसेक से अधिक पानी निरन्तर पाकिस्तान की तरफ छोडा जा रहा है, पर पश्चिमी राजस्थान का किसान सिंचाई पानी के अभाव में मर रहा है। यह किसी भी प्रकार सहन नहीं किया जायेगा। भाटी ने बताया कि जिन किसानों के ट्यूबवैल है उनकी भी हालत खराब है, आज बिजली की आपूर्ति इतनी खराब है जितनी पिछले कई दशकों में नहीं रही। किसान कैसे अपनी फसल को बचा पायेगा। भाटी ने हुँकार भरते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि अतिशीघ्र स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो किसान सड़कों पर उतरेगा, चक्का जाम करेगा एक बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। जिसका खामियाजा इस सरकार को उठाना पड़ेगा। किसान विरोधी यह सरकार अपनी मनमानी अधिक समय तक नहीं कर पायेगी। पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जब-जब सरकार रही किसानों का दमन किया है। घड़साना किसान आन्दोलन के दौरान किसानों पर गोलिया चलाई गई। कई किसान इसमें मारे गए। उन्होंने कहा की केन्द्र की भाजपा सरकार झूठ बोलने में माहिर है। रेगुलेशन बनाने वाली कमेटी ने हनुमानगढ़ के चीफ इंजीनियर की लापरवाही के चलते किसान के खेत सूख रहे हैं। नोखा विधायक मती सुशीला रामेश्वर डूडी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बीकानेर संभाग का किसान फसलों में पानी के लिए संघर्ष कर रहा है किसानों को न तो नहरों में पानी दिया जा रहा है और न ही कृषि कुओं पर बिजली दी जा रही है जिससे किसानों पर दौहरी मार पड़ रही है। भाजपा सरकार को समय रहते किसानों की सभी मांगों को मानना चाहिए। डूंगरगढ़ के पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान का पानी बंद करने की बात कह कर राजस्थान के किसानों का पानी बंद कर दिया। यह सरकार किसान विरोधी है। कांग्रेस नेता डॉ. राजेन्द्र मूंड ने सभा में कहा कि किसानों को नहरों में पूरा पानी देने, चरमराई हुई विद्युत आपूर्ति सुधारने के साथ किसानों को फसल बीमा क्लेम भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। दिन में 50 बार लाईट का आना-जाना रहता है, ऐसे में किसान अपने खेत में काम नहीं कर पा रहे हैं। डूंगरगढ़ के पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान का पानी बंद करने की बात कह कर राजस्थन के किसानों का पानी बंद कर दिया। यह सरकार किसान विरोधी है। कांग्रेस नेता डॉ. राजेन्द्र मूंड ने सभा में कहा कि किसानों को नहरों में पूरा पानी देने, चरमराई हुई विद्युत आपूर्ति सुधारने के साथ किसानों को फसल बीमा क्लेम भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। दिन में 50 बार लाईट का आना-जाना रहता है, ऐसे में किसान अपने खेत में काम नहीं कर पा रहे हैं। जिला देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि केन्द्र और राज्य कि डबल इंजन सरकार ने मिलकर पाकिस्तान को पानी देने का काम किया है, जबकि राजस्थान का किसान पानी होने के बावजूद रो रहा है। धरने में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी, पदाधिकारी एवं किसान नेता, ग्रामीण जनप्रतिनिधि पहुंचे।

# एक नजर

## रोटरी रॉयल्स में नई टीम का शपथ ग्रहण, समाज सेवा के संकल्प के साथ शुरुआत




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स के नए अध्यक्ष सुनील चमडिया, क्लब सचिव विपिन लड्ढा के साथ नइ कार्यकारिणी का समारोह होटल पार्क पैराडाइस में आयोजित हुवा। आयोजित आभार व् शपथ ग्रहण में प्रांतपाल डॉ. डीजी निशा शेखावत ने क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील चमड़िया को शपथ दिलाई। ]

असिस्टेंट गवर्नर पंकज पारीक ने कार्यकारिणी सचिव विपिन लड्ढा, सी.एल.एफ. आनंद आचार्य, कोषाध्यक्ष जगदीप सिंह ओबेरॉय, आई.पी.पी. गोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास पारीक, संयुक्त सचिव ऋषि धामु, बुलेटिन एडिटर शिशिर शर्मा, सार्जेंट ऑफ आर्म्स विनय बिस्सा, मेम्बरशिप के निदेशक पद पर पियूष शंगारी, पब्लिक रिलेशन मनोज सोलंकी एवं सुरेश पारीक, क्लब एडमिनिस्ट्रेशन विशाल गौड़, प्रांत स्तरीय प्रोजेक्ट देवेंद्र तंवर, डिस्ट्रिक्ट इवेंट शरद कालरा, बुलेटिन को-एडिटर राजपाल चौधरी, सचिव प्रोजेक्ट संदीप खरे, न्यू जनरेशन राजेश खत्री तथा रोटरी फाउंडेशन के निदेशक पद इज अशोक डांगी के साथ कुल 35 समितियों चेयरमेन ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण से पहले निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने गत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्षभर सहयोग देने वाले सभी साथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया।

## नवाचार, निवेश और युवाओं को प्रेरित करेगा बीकानेर डवलपमेंट डायलॉग : पचीसिया

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय औद्योगिक संगठन पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जयपुर एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 20 अगस्त को बीकानेर में औद्योगिक और व्यापारिक विकास पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बीकानेर डवलपमेंट डायलॉग सेमिनार का आयोजन होने जा रहा है ।

इस आयोजन के माध्यम से बीकानेर संभाग के सतत और समग्र विकास, निवेश के नए अवसरों और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर चर्चा की जाएगी। पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर के रेजिडेंट डायरेक्टर आर.के. गुप्ता ने जानकारी दी कि संगठन का उद्देश्य देशभर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है, और इसी क्रम में बीकानेर में 'बीकानेर डवलपमेंट डायलॉग' नामक मंच विकसित किया जा रहा है। यह मंच युवाओं, उद्यमियों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद स्थापित कर उन्हें नवाचार व उद्योग से जोड़ने का कार्य करेगा। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि इससे युवाओं को रोजगार पाने के बजाय रोजगार देने वाले बनने की प्रेरणा मिलेगी। औद्योगिक नवाचार, निवेश के अवसर और उद्यमिता को दिशा देने वाली यह कार्यशाला, बीकानेर में उद्योगों की संभावनाओं को रेखांकित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

## रोजगार मेलें का आयोजन 21 अगस्त को

**झुंझुनूं (हुक्मनामा समाचार)।** बेरोजगार आशार्थियों को प्राईवेट क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनूं द्वारा एक दिवसीय विशाल रोजगार मेलें का आयोजन 21 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे से रोजगार कार्यालय झुंझुनूं परिसर में किया जाएगा।

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादवने बताया कि इस शिविर में दिल्ली, गुरूग्राम, भिवाड़ी मानेसर, अलवर, स्थित भारत की प्रसिद्ध प्राईवेट (निजी) कम्पनी व सिक्योरिटी कम्पनी भाग लेंगी और इन्टरव्यू लेकर रोजगार उपलब्ध करवाएंगी। इसके अतिरिक्त राजकीय विभागों द्वारा संचालित ब्याज मुक्त ऋण संबधी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, स्नातक, आई0टी0आई0 ऊतीर्ण व कार्य करने का इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज की दो फोटों सहित 21.08.2025 को प्रात: 10.00 बजे रोजगार कार्यालय झुंझुनूं में पधारकर इन्टरव्यू देकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## कोटगेट में रामदेव का भव्य जागरण आयोजित,बाबा रामदेव के भजनों से भक्तजन हुए आनंदित



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर शहर में भादवा मास में जागरणों का दौर जारी है। इस क्रम में रविवार की रात को शहर के मुख्य स्थल कोटगेट पर युवा व्यापार मंडल द्वारा आयोजित लोक देवता रामदेव जी के भव्य जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर सोमवार की भोर 5 बजे तक श्रोताओं भक्तों को भक्ति रस में डुबोए रखा। कोटगेट व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष राजीव मदान एवं श्याम मोदी एंड पार्टी की ओर से आयोजित सालाना पांचवें जागरण में राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा बाबा रामदेवजी का भजनों के माध्यम से गुणगान किया। देर रात तक चले इस जागरण में गंगानगर की मशहूर भजनों की गायिका सुनीता बागड़ी, मेड़ता नागौर के कलाकार ललित लहरियां, बीकानेर शहर के दबंग आवाज के भजन कलाकार मुन्ना सरकार, साहिल मुनीर, साजिद खान, कान्हा देरा, बाबू लाल सोनी सहित कई कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर बाबा के भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया।